वर्ष-3, अंक-31
इन्दौर, रविवार
13 अप्रैल 2025
पृष्ठ 8, मूल्य 3 रु.


दैनिक
# राष्ट्रीय जनभावना

RNI-MPHIN/2013/53761
DAVP 133088/20/02/2020

**चाणक्य नीति**

'जो धैर्यवान नहीं है उसका न वर्तमान और न ही भविष्य'
मुझे वह दौलत नहीं चाहिए जिसके लिए कठोर यातना सहनी पड़े, या सदाचार करना पड़े, या अपने शत्रु की चापलूसी करनी पड़े।

-चाणक्य



प्रधान संपादकः सुनील वर्मा मो.: 9425491979, E-mail: janbhavna.ind@gmail.com

करणी सेना ने पुलिस को घेरा

## तलवारें लहराईं, 80 हजार कार्यकर्ता इकट्ठा

**आगरा (एजेंसी)।**

आगरा में शनिवार को करणी सेना के कार्यकर्ता और पुलिसवाले आमने-सामने आ गए। करणी सेना के 80 हजार कार्यकर्ता राणा सांगा जयंती मनाने आगरा पहुंचे हैं। उत्तर प्रदेश के अलावा हरियाणा, राजस्थान और गुजरात से कार्यकर्ता आए हैं। संभावना है कि कार्यकर्ताओं की संख्या 3 लाख पहुंच सकती है। इसे रक्त स्वाभिमान सम्मेलन नाम दिया गया है। ये कार्यकर्ता आगरा के गढ़ी रामी में 50 बीघे में पंडाल में इकट्ठा हुए। कार्यक्रम स्थल पर पुलिस भी पहुंची, जिसे देखकर करणी सेना के कार्यकर्ता आक्रोशित हो गए। उन्होंने पुलिसकर्मियों को घेर लिया और तलवारें-डंडे लहराने लगे। हालात बिगड़ते देख पुलिस को आयोजन स्थल से बाहर जाना पड़ा। ये कार्यकर्ता राणा सांगा पर बयान देने वाले सपा सांसद रामजी सुमन के घर कूच कर सकते हैं। इसके लिए पुलिस ने 500 जगहों पर



बैरिकेडिंग की है। सड़कों पर पत्थर के बड़े-बड़े बोल्डर रखे गए हैं। 10 हजार PAC और पुलिस के जवान तैनात हैं। ड्रोन से निगरानी की जा रही है। रामजी सुमन घर पर हैं। उनके आवास को छावनी में तब्दील कर दिया है। 1000 पुलिस जवान तैनात हैं। एक किमी का इलाका सील है। मेटल डिटेक्टर लगाए गए हैं। सपा सांसद ने भी अपनी पर्सनल सिक्योरिटी में 10 बाउंसर लगाए हैं।

### हिंदू गद्दार राणा सांगा की औलाद

रामजीलाल सुमन ने 21 मार्च को राज्यसभा में कहा था, भाजपा वालों का तकिया कलाम हो गया कि मुसलमानों में बाबर का डीएनए है। फिर हिंदुओं में किसका डीएनए है? बाबर को कौन लाया? बाबर को भारत में इब्राहीम लोदी को हराने के लिए राणा सांगा लाया था। मुसलमान बाबर की औलाद हैं तो तुम (हिंदू) गद्दार राणा सांगा की औलाद हो। यह हिंदुस्तान में तय हो जाना चाहिए। बाबर की आलोचना करते हैं, राणा सांगा की नहीं। देश की आजादी की लड़ाई में इन्होंने अंग्रेजों की गुलामी की थी।

## जम्मू-कश्मीर के अखनूर में सेना का JCO शहीद

### किश्तवाड़ में सुरक्षाबलों ने जैश के 3 आतंकी मार गिराए

**जम्मू-कश्मीर (एजेंसी)।**

जम्मू-जिले के अखनूर में शनिवार को आतंकवादियों से मुठभेड़ में 9 पंजाब रेजिमेंट के छुष्टह कुलदीप चंद शहीद हो गए।

अखनूर के केरी बट्टल इलाके में शुक्रवार देर रात एनकाउंटर शुरू हुआ था। सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके को घेरा हुआ है। सेना ने ङ्ग पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी। वहीं, शुक्रवार को किश्तवाड़ जिले के घने जंगलों में एनकाउंटर के दौरान सुरक्षाबलों ने शुक्रवार देर रात तक 3 आतंकियों को मार



गिराया। ऑपरेशन रात से चल रहा है। अधिकारियों ने बताया कि मारे गए तीनों आतंकी जैश-ए-मोहम्मद के हैं। इनमें टॉप कमांडर सैफुल्लाह भी शामिल है। इससे पहले 4 और 5 अप्रैल की दरमियानी रात जम्मू में स्र्ष्ट पर आरएस पुरा सेक्टर पर क्स्स्न के जवानों ने एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को मार गिराया था। वहीं, 1 अप्रैल को स्र्ष्ट पर सेना के एनकाउंटर में 4-5 पाकिस्तानी घुसपैठियों को मारा गया था। घटना पुंछ में स्र्ष्ट पर कृष्णा घाटी सेक्टर के फॉरवर्ड एरिया में हुई थी।

### सेना ने शहीद JCO को श्रद्धांजलि दी

व्हाइट नाइट कोर ने ट्वीट कर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए लिखा, GOC व्हाइट नाइट कोर और सभी सैनिक सूबेदार कुलदीप चंद की सर्वोच्च बलिदान को सलाम करते हैं। वे आतंकियों की घुसपैठ रोकने के लिए चलाए गए ऑपरेशन का नेतृत्व करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए।

## वक्फ कानून पर बंगाल में हिंसा, 3 की मौत

### 120 गिरफ्तार, 10 पुलिसकर्मी घायल

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद सहित चार जिलों में नए वक्फ कानून के खिलाफ शुक्रवार को हुए हिंसक प्रदर्शनों के मामले में पुलिस ने अब तक 120 से ज्यादा प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, 70 लोगों को सूती से, 41 लोगों को शमशेरगंज से गिरफ्तार किया गया है।



वक्फ कानून के विरोध के दौरान शुक्रवार को मुर्शिदाबाद, नॉर्थ 24 परगना और मालदा में स्थिति बिगड़ी थी। प्रदर्शनकारियों ने हा-12 पर सरकारी बसों और वाहनों में आग लगाई, पुलिस पर पथराव किया। सुइटी थाना क्षेत्र के साजूर क्रॉसिंग में प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर क्रूड बम फेंके।

पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को खदेड़ा, उन पर आंसू गैर के गोले दागे। हमले में 10 पुलिसकर्मी घायल हुए। प्रदर्शन के दौरान 3 लोगों की मौत की खबर भी आई, लेकिन पुष्टि नहीं हो सकी। प्रदर्शन के कारण नेशनल हाईवे, रेल ट्रैफिक रोका गया था। साथ ही हंगामे वाले इलाकों में इंटरनेट भी बंद किया गया था। मुर्शिदाबाद के अलावा डायमंड हार्बर के अमतला चौराहे पर भी प्रदर्शन कर रही मुस्लिम भीड़ ने दिनदहाड़े एक पुलिस वाहन में तोड़फोड़ की थी।

### पापुआ न्यू गिनी में 6.2 तीव्रता का भूकंप, सुनामी की चेतावनी नहीं

**सिडनी (एजेंसी)।** पापुआ न्यू गिनी के कोकोपो से 114 किमी पूर्व-दक्षिण-पूर्व में शनिवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किये गये। अमेरिकी भूगर्भ सर्वेक्षण ने यह जानकारी दी। उसने बताया कि अंतरराष्ट्रीय समयानुसार तड़के 0347 बजे आये इस भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6.2 मापी गयी। भूकंप का केंद्र, 4.71 डिग्री दक्षिणी अक्षांश और 153.24 डिग्री पूर्वी देशांतर पर 72.5 किमी की गहराई में था। अमेरिका सुनामी चेतावनी प्रणाली के अनुसार फिलहाल भूकंप के कारण सुनामी की कोई चेतावनी नहीं है।

### आज वैशाखी है...





वैसाख को पंजाबी नववर्ष का प्रारंभ फसलों के पकने और कटने की किसानों की खुशियां मनाई जाती है।

## शोहरत कमाने वाला वकील नही चाहिए

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

26/11 के प्रमुख साजिशकर्ताओं में से एक तहव्वुर हुसैन राणा ने दिल्ली की एक विशेष अदालत से मांग की है कि उसके केस में ऐसा कोई वकील न हो जो उसके जरिये नाम और शोहरत कमाने की कोशिश करे।







गुरुवार रात लगभग 10 बजे राणा की औपचारिक गिरफ्तारी के बाद उन्हें एनआईए द्वारा पटियाला हाउस स्थित विशेष एनआईए अदालत में पेश किया गया। जांच एजेंसी ने 20 दिन की हिरासत मांगी थी, लेकिन अदालत ने 18 दिन की कस्टडी मंजूर की। इस दौरान राणा से एनआईए मुख्यालय में पूछताछ की जाएगी। विशेष एनआईए जज चंदर जीत सिंह ने अपने आदेश में कहा, आरोपी ने निवेदन किया है कि ऐसा कोई वकील न हो जो उसके केस के जरिये नाम और प्रसिद्धि हासिल करने की मंशा रखता हो। भले ही विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के तहत कानूनी सेवा वकील नियुक्त किए गए हों, फिर भी आरोपी की मांग को स्वीकार किया जाता है। अदालत ने निर्देश दिया कि विधिक सेवा वकील मीडिया से कोई बातचीत नहीं करेंगे।

### सूडान के एल फशर में आरएसएफ के हमले में 32 नागरिकों की मौतः सेना

**खार्तूम (एजेंसी)।** सूडानी सेना ने कहा है कि नॉर्थ दारफुर राज्य की राजधानी एल फशर पर विद्रोही अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) के हमले में कम से कम 32 नागरिक मारे गये हैं। सूडानी सशस्त्र बलों (एसएएफ) के छठे इन्फैंट्री डिवीजन की कमान ने शुक्रवार को एक बयान में कहा, मिलिशिया ने आज एल फशर पर कई आत्मघाती ड्रोन लॉन्च किये, साथ ही शहर पर गोलाबारी भी की। सेना ने बताया कि मरने वालों में चार महिलाएं और 10 बच्चे शामिल हैं, जबकि 17 अन्य घायल हैं और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।विस्तृत समाचार के लिए हमारी सेवाएं लें।

### अमेरिका के फ्लोरिडा में विमान हादसा, तीन की मौत

**ह्यूस्टन (एजेंसी)।** दक्षिण-पूर्वी अमेरिकी राज्य फ्लोरिडा में बोका रैटन क्षेत्रीय हवाई अड्डे के पास शुक्रवार की सुबह एक छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे विमान में सवार तीन लोगों की मौत हो गई और जमीन पर मौजूद एक व्यक्ति घायल हो गया। अमेरिकी संघीय उड्डयन प्रशासन (एफएए) ने एक बयान में कहा, फ्लोरिडा के बोका रैटन हवाई अड्डे से उड़ान भरने के बाद शुक्रवार, 11 अप्रैल को स्थानीय समयानुसार सुबह 10-20 बजे सेसना 310 दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में तीन लोग सवार थे। बयान में कहा गया कि विमान तल्हासी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की ओर जा रहा था।

## श्री हनुमान जन्मोत्सव, सामुहिक रूप से 1 लाख 11 हजार 111 हनुमान चालीसा का पाठ हुआ

**रतलाम।**

श्री हनुमान जन्मोत्सव पर शनिवार को शहर में जगह-जगह धार्मिक आयोजन हुए। हनुमान जन्मोत्सव को पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया। नेहरू स्टेडियम में सामुहिक रूप से 1 लाख 11 हजार 111 हनुमान चालीसा का पाठ हुआ ,जो वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया। मंदिरों में महाआरती एवं प्रसादी का आयोजन भी हुआ। सेवा वीर परिवार द्वारा रतलाम में 1 लाख 11 हजार 111 सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन आज संतों की उपस्थिति में नेहरु स्टेडियम में किया गया। प्रात- 7.30 बजे से 10-30 बजे तक हुए पाठ में करीब 15 हजार श्रद्धालुओं ने उत्साह के साथ सहभागिता की।

श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर शहर के हनुमान मंदिरों में भी धार्मिक



आयोजनों की धूम रही। श्री मेहंदी कुई बालाजी मंदिर , बरबड हनुमान मंदिर, साहू बावड़ी स्थित श्री बजरंगबली मंदिर पर सुबह से ही दर्शन के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। हनुमान जी की प्रतिमा का मनमोहक श्रृंगार किया गया। श्री मेहंदीकुई बालाजी मंदिर पर भी श्री हनुमान जन्मोत्सव पर पांच दिवसीय धार्मिक आयोजन किए गए। यहां आज 12-00 बजे यज्ञ की पूर्णहुति हुई ,उसके बाद शोभायात्रा निकालकर महा आरती की गई एवं प्रसादी का वितरण हुआ। सैलाना रोड स्थित बरबड़ हनुमान मंदिर पर पांच दिवसीय मेला आयोजित किया जा रहा है। सुबह से यहां दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। रात तक बड़ी संख्या में शहरवासी यहां हनुमानजी के दर्शन कर मेले का भी आनंद लेंगे। मेले में आने वाले भक्तों के लिए राम मंदिर से लेकर हनुमान मंदिर तक शहर की सामाजिक संगठनों, संस्थाओं द्वारा दोपहर बाद खाद्य व पेय पदार्थों की स्टाल लगाकर स्वागत किया जाएगा।

Scanned with OKEN Scanner

## सुविचार



शिक्षा प्रत्येक व्यक्ति के लिए परम आवश्यक है ! इसलिए चाहे जैसी भी विपरीत परिस्थिति निर्मित हो अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा जरूर दिलाए , आने वाली सात पुस्तैने तैर जाएगी! डॉ. मदनलाल गांगले जावरा जिला रतलाम (मध्यप्रदेश)

## कहानी

# दु :ख पहचानो



गांव के एक टूटे-फूटे दरवाजे पर जाति गणना वाले खड़े थे. घर का बुजुर्ग बाहर निकला. गणनावालों ने पूछा, आपकी जाति क्या है ? उसने आँसू भरकर कहा, मेरी जाति लाचारी है. गणनावालों ने हैरत में पड़कर पूछा, यह क्या ? बुजुर्ग ने मर्माहत स्वर में जवाब दिया, हम सदियों से दबंगों के हाथों लाचारों की जिंदगी जी रहे हैं. मैं अपनी जाति कब का भूल चुका. तभी बुजुर्ग की पत्नी बाहर निकली और उसने कहा, मेरी भी जाति लिखो. क्या है आपकी जाति..? औरत ने तमतमाते हुए कहा, कुदृष्टि श्रापित जाति..! यह क्या है...? औरत ने जवाब दिया, हम औरतें वर्षों से दबंगों और जमींदारों की गंदी दृष्टि का शिकार होती आ रही हैं. मेरी अब यही जाति है. मुझे भी अपनी मूल जाति याद नहीं. तभी उनका छोटा बेटा दौड़ कर बाहर आया और अपनी हड्डियां दिखाते हुए कहा,लिखो... ! मेरी जाति है कुपोषण. सामान्य दिन हो या पर्व त्यौहार. मैं रूखी सूखी ही खाकर रहता हूं. गणनावाले ने पूछा, आपकी कोई बेटी भी है ? यदि है तो उसकी जाति भी बता दीजिए. बुजुर्ग ने कहा, हां, उसकी जाति है अशिक्षा. एक तो घर में पसरे ढेर सारे काम करने की वजह से और दूसरे गांव के मनचलों की वजह से वह स्कूल नहीं जा पाती. अपने पैसों से घर पर पढ़ाने की मेरी औकात नहीं है. गणनावालों ने पूछा, आपके माता-पिता तो होंगे..? बुजुर्ग ने आहें भरते हुए कहा, नहीं... ! दुख और अभाव के कारण वे समय से पहले ही हमें छोड़कर चले गए. उनकी जाति क्या थी ? अकाल मृत्यु जाति... !! जाति गणना अधिकारी को चक्कर आने लगे. उनमें एक ने पूछा, हम सरकार को क्या रिपोर्ट सौंपें..? उस बुजुर्ग ने कहा, जाकर सरकार से कह दो कि वो हमें जातियों से न पहचाने, बल्कि दुखों के प्रकार के अनुसार समझे. जब वे हमारे दुखों को जानेंगे और अपने दिल तक महसूस करेंगे तभी वह उन्हें दूर करने के लिए हमारे पास आ पाएंगे.

**ज्ञानदेव मुकेश**
**पाटलिपुत्र कॉलोनी,**
**पटना -800013**

# अंधेरे में रौशनी

गाँव के आखिरी छोर पर एक झोपड़ी थी, जिसे गाँव वाले ÷अंधियारे का कोना÷ कहते थे। वहीं रहता था एक बूढ़ा आदमी – रामलाल। उम्र ने उसकी पीठ झुका दी थी, पर उसकी आँखों में अब भी रौशनी थी – कोई देख पाए तो। रामलाल की एक आदत थी – हर शाम, सूरज ढलने से ठीक पहले, वह अपने दरवाजे पर एक छोटा सा दीया जलाता। ना कोई पूजा, ना कोई त्योहार। बस एक दीया – रोज। गाँव के लड़के उसका मज़ाक उड़ाते – ÷बाबा, अब कौन सा परी रास्ता भटक कर आएगी?÷ ÷दीये से क्या होगा जब दुनिया मोबाइल की टॉर्च से चलती है?÷ रामलाल हँसता नहीं था। बस एक बात कहता- ÷दीया जलाना मेरा काम है, कौन इससे राह पाएगा – ये ऊपर वाले का काम है।÷ किसी को नहीं पता था कि सालों पहले, इसी दीये की रोशनी में उसकी इकलौती बेटी गौरी ने आखिरी साँस ली थी। बारिश की एक रात, रास्ता भटक गई थी। अगर तब कोई दीया जल रहा होता... वो दीया अब सिर्फ लौ नहीं था, प्रायश्चित था, प्रतीक्षा थी। एक रात, सब कुछ बदल गया। तूफानी हवाएँ, पेड़ों की शाखाएँ चीखतीं, और बिजली चली गई। एक लड़का – रोहित, जो शहर से लौटा था, बाइक से गिर पड़ा। मोबाइल काम नहीं कर रहा था। अंधेरे में घबराया वो बैठ गयाज पर तभी – एक हल्की, स्थिर रौशनी दूर दिखाई दी। ÷शायद कोई घर... शायद कोई उम्मीद...÷ और वह उसी रौशनी की ओर खिंचता चला गया – भूख, डर, दर्द – सब भूलकर। जब वह वहाँ पहुँचा, तो देखा – रामलाल दरवाज़े पर बैठा था, दीये के पास। ÷बाबा... ये दीया... आप रोज क्यों जलाते हैं?÷रामलाल ने दीये की लौ की ओर देखा और धीमे से कहा–÷क्योंकि कभी-कभी, किसी का भटकाव... किसी की रोशनी बन जाता है।÷रोहित उस रात वहीं रुका। सुबह होते ही गाँव में जाकर उसने सबको बताया –÷बाबा का दीया... एक चमत्कार है।÷और तब से, हर घर के बाहर एक दीया जलने लगा। अब उस गाँव का नाम ÷दीपग्राम÷ पड़ गया है। जहाँ हर शाम, अंधेरे से पहले कोई न कोई दीया जलता है- शायद किसी और रोहित को रास्ता दिखाने के लिए।या... किसी और गौरी को बचा पाने के लिए।

**डॉ. सिद्धार्थ कुमार जौहरी, प्राचार्य, इन्दौर (मप्र)**

# नन्ही चींटी की मेहनत



एक समय की बात है, एक छोटे से गाँव के पास घना जंगल था। उस जंगल में बहुत सारी छोटी-छोटी चींटियाँ रहती थीं। सभी चींटियाँ दिन-रात मेहनत करतीं, खाना इकट्ठा करतीं और अपने बिल में सुरक्षित रखतीं।

उन चींटियों में एक बहुत ही मेहनती और छोटी सी चींटी थी, जिसका नाम था चिंटी। चिंटी बहुत मेहनत करने वाली थी और सर्दियों के लिए ताजे खाद्य पदार्थ इकट्ठा कर रही थी।

एक दिन, जब वह जंगल में खाने की खोज कर रही थी, उसने देखा कि एक बड़ा, आलसी टिड्डा उसके पास से गुजर रहा था। टिड्डा बहुत मस्त था, उसे काम से कोई मतलब नहीं था। वह गाता और नाचता हुआ घूम रहा था, और बोला, हे चिंटी! तुम इतनी मेहनत क्यों कर रही हो? चलो, थोड़ा मजा करते हैं और नाचते हैं। सर्दी में क्या होगा, देखना! मस्ती करो, फिर देखेंगे।

चिंटी ने मुस्कुराते हुए कहा, नहीं टिड्डा भाई, मेहनत से जो चीज़ आती है, वही सच में सुख देती है। मैं अपनी मेहनत से सर्दी में आराम से रहूँगी। तुम भी अगर अब कुछ जमा करोगे, तो सर्दी में परेशानी नहीं होगी।

टिड्डा हँसते हुए बोला, तुम भी ना चिंटी, तुम बहुत छोटी हो, इसलिए तुम्हें सिर्फ काम का ख्याल रहता है। मैं मजे करूंगा!

समय बीतता गया, और सर्दियाँ आ गईं। चिंटी का बिल खाने से भरा हुआ था और वह आराम से अपने घर में सो रही थी। वहीं दूसरी ओर, टिड्डा ठंड से कांप रहा था और उसे खाने के लिए कुछ नहीं था। उसने चिंटी से मदद मांगी। चिंटी ने बड़े प्यार से कहा, देखो टिड्डा, मैंने जो मेहनत की थी, वह अब मेरे काम आई। मेहनत का कोई भी विकल्प नहीं होता। अब अगर तुम भी मेरी तरह काम करते, तो तुम भी सुरक्षित रहते।

टिड्डा ने सिर झुकाया और चिंटी से कहा, मैंने तुम्हारी बात सही समझी। मैं अब से मेहनत करूंगा और कभी आलस्य नहीं करूंगा!

**मुकेश कुमार बिस्सा**
**जैसलमेर**

# किस्सा एक रिटायरी का

पता नहीं कोई भी समझता क्यों नहीं भाई साहब! रिटायर्ड हूं ,पर क्लास वन हूं। जुमा जुमा आठ दिन ही तो हए हैं रिटायर हुए अभी। जो मेरे मोहल्ले के कुत्ते मेरे पद पर रहते वक्त आंखें मूंद कर भी मेरे कदमों की आहट पहचान जाया करते थे अब वे मुझे दूर से आता देख मेरी ओर पूंछ कर जागते होकर भी सो जाते हैं। घर के सदस्यों के बीच तो मेरी कोई इज्जत अब बची ही नहीं, पर इन कुत्तों के बीच भी नहीं बची।ये रिटायरमेंट इतनी बुरी होती है क्या रिटायर्ड बंधुओ? हे मेरे मोहल्ले वालो! घरवालो! रिश्तेदारो! अभी मैं कुर्सी से ही उठा हुआ हूं, संसार से तो नहीं उठ गया हूं। पर मुझे क्या पता था कि कुर्सी से उठना संसार से उठने से अधिक पीड़ादायक होता है। मित्रो! मैं कब चाहता था उस नंगे नहाने वालों के हमाम में से निकलना? इसलिए रिटायर होते होते तो रिटायर होते होते, रिटायर हो जाने के बाद भी एक्सटेंशन को जितनी टेंशन ले सकता था, ली। रिटायर बताते थे कि पद पर जितने दिन, वही अपने। बाकि तो जूते खाने के। कुछ महीनों तक इस स्थिति को टालने के लिए पता नहीं तब किस किसके आगे पीछे एक्सटेंशन के लिए हाथ पाव नहीं जोड़े? पता नहीं कहां कहां से जोर नहीं डलवाया? नहीं बात बनी तो नहीं बनी भाई साहब! अब एक्सटेंशन के लिए हाथ पैर ही जोड़ सकता था, उनका सिर तो नहीं फोड़ सकता था न! कुर्सी को अलविदा करते डरते डरते भी पॉजिटिव सोचा था- कुछ भी हो! रिटायर होने के बाद जैसे भी होगा, मजे करूंगा। पर मेरे मजों की हवा सबने मिलकर दूसरे ही दिन निकाल दी। फिर मैंने सोचा, घर नहीं तो बाहर सही! दुनिया बहुत बड़ी है रे रिटायरी! और मैंने अपने मोहल्ले के तीन चार दुकानदार सेट कर लिए। किसी न किसी बहाने उनकी दुकान पर यों ही सामान लेने चला जाता। इस उस चीज के टाइम पास करने को रेट पूछता रहता। उसको बनाने का तरीका पूछता रहता, उसकी क्वालिटी चेक करने का तरीका पूछता रहा। और जब वे मुझसे तंग से होने लग जाते तो फिर जिस चीज की जरूरत भी न होती उनको चार पैसे कमाने का मौका दे ले आता। उनकी दुकान पर जब अगले दिन ज्यों ही पिल्ले कल की तरह मुस्कुराता गया तो वे मेरे बुरे इरादे भांप गए। एक के पास बैठने लगा तो उसने मुस्कुराते हुए दुत्कारा। दूसरे के पास बैठने की कोशिश की तो उसने भी पुचकारते हुए दुत्कार दिया। तब पता चला कि जिंदा हाथी लाख का और मरा सवा लाख का हो तो होता रहे, पर जिंदा सफेद हाथी लाख का और पद से रिटायर सफेद हाथी खाक का होता है। गधा तो मैं था नहीं, सो प्यार से दुत्कार फटकार खा सब समझ गया।

यारो! आज यहां किसीके पास किसीके लिए वक्त ही कहां है। फिर भी जो कोई मेरे जैसा किसीसे घंटा आधा घंटा बातें करना चाहे उसे वह भी गवारा नहीं। कोई किसीके पास घंटा दो घंटा बैठ कर उसके बारे में उसके हालचाल पूछ लेता है, अपने कह लेता है तो क्या गुनाह कर लेता है वह ? किसीके हालचाल पूछना कबसे गुनाहों में शामिल हो गया है भाई साहब! घर में तो अपने प्रवेश पर उसी दिन से प्रतिबंध लग गया था जिस दिन रिटायर हुआ था, पर अब अपने मोहल्ले की दुकानों में भी अपने प्रवेश पर प्रतिबंध लगा तो मैं परेशान हो उठा। तभी अचानक पता चला कि दूसरे मोहल्ले में नए आए बार्बर की दुकान खुली है। अंधे को दोपहर में रोशनी की किरण फिर दिखी। और मैं उसकी दुकान पर। मुझे पता था कि उसे नए सिरों की तलाश है और मुझे उसकी। बस, फिर क्या था! अगले दिन सिर पर पांव धर उसकी दुकान पर जा पहुंचा, बाल कटवाने लायक न होने के बाद भी। वैसे भी बाल कटवाना कौन मुआ चाहता था। जितना हो सकता, उतना बतियाना चाहता था। अभी नई नई दुकान थी उसकी। ग्राहक भी कम ही आएंगे। पता नहीं, बार्बर होगा कि बर्बर! लोग डरेंगे कि बालों के बदले कहीं गरदन ही न काट दे। कहते हैं कि बार्बरों के पास अपने आसपास की पत्रकारों से




अधिक खबरें होती हैं। इस बहाने अपने आसपास की खबरें भी मिल जाया करेंगी। अपने आसपास की हरकतों से अपनी नालिज भी बढ़ेगी और मजे से टाइम भी कट जाया करेगा। उसे भी लगेगा कि उसकी दुकान पर कोई तो आया। मैंने कई एंगिलों से उसकी दुकान पर जाने के अपने फायदे सोचे। अपने सोचे के हिसाब से उसकी सेमी मॉडर्न दुकान खुली थी, पर खाली थी। अच्छा लगा, उसकी सेमी मॉडर्न दुकान देखकर। आदमी को भी सेमी रहना चाहिए। पूरा मॉडर्न और पूरा टेड्डीशनल होना दोनों ही विकास में बाधक होते हैं। बार्बर मुझे अपनी दुकान की ओर आता देख मुस्कुराता अलर्ट हुआ और अपने बाल काटने के औजार साफ करने लगा मेरे मुंडे सिर को मुंडवाने आते देख कर। और मैं इसलिए खुश था कि... मतलब हम दोनों एक दूसरे को देखकर खुश थे। ऐसा जिंदगी में बहुत कम होता है जब दोनों एक दूसरे को देखकर खुश होते हों। अब खूब जमेगा रंग जब मिल बैठेंगे तीन यार! मैं, बार्बर और उसकी खाली दुकान। अब आएगा गप्पें मारने का असली मजा। दोनों ने अपने अपने फायदे की सोची। उसने उसकी दुकान की देहरी पर मेरे कमल रूपी चरण पड़ते ही मेरी आव भगत करते कहा,' वेलकम जनाब वेलकम! आप आए बहार आई।' 'हम तो जहां भी जाते हैं, बहार बनकर ही जाते हैं। और कैसे हो?' मैंने उसकी दुकान में अपने कमल रूपी चरण रखते कहा तो वह बोला,' आपकी दुआ है जनाब! क्या लोगे बीड़ी या सिगेरट?

यहां बैठिए जनाब यहां!' कह उसने मुझे सादर मेरा हाथ पकड़ बाल काटने वाली कुर्सी पर बिठाया तो एकबारगी तो लगा ज्यों मैं बार्बर की कुर्सी पर नहीं, दिल्ली के तख्त पर बैठ रहा होऊं। सच कहूं, उस वक्त मुझे औरंगजेब सी फीलिंग हुई उस कुर्सी पर बैठते हुए। उस कुर्सी पर बैठते हुए कंबख्त बीते दिन याद आ गए जब अपना काम करवाने वाले मुझे मेरी कुर्सी पर पकड़ पकड़ कर हाथ जोड़ कर बैठाया करते थे। उसने मेरा मुंडा सिर मुंडने की तैयारी शुरू की तो मैंने उससे पूछा ,' कहां से हो भाई?' ' जनाब बिजनौर से,' वह फिर मेरे बाल काटने को मेरे गले में एप्रन लगाने लगा तो मैंने पुःन पूछा,' यहां कबसे रह रहे हो?' 'मेरे दादा भी इसी शहर के बाल काटा करते थे जनाब!' वह बाल काटने को लगाए एप्रन को मेरे गले में कसकर बांधने लगा। ' गुड! मतलब पुश्तैनी बार्बर हो? आदमी को पुश्तैनी काम ही करना चाहिए। इससे खून में कुशलता बनी रहती है।' 'जी जनाब!' और वह मेरे गले में जैसे ही एप्रन बांध कर हटा तो मैंने उसे ढीला करते पूछा,' यहां अपना मकान है या किराए पर रहते हो?' उसने फिर मेरे गले में एप्रन कसते कहा,' जनाब! किराए पर रहता हूं,' और फिर कैंची साफ करने लग गया। मैंने फिर उससे आंख बचा एप्रन कुछ ढीला करने के बाद उससे पूछा,' यहां से किराए का कमरा कितनी दूर है?' वह कैंची लेकर मेरे सिर पर सवार होने को हुआ तो एप्रन ढीला देखकर जरा गुस्साते बोला,' यहां से दो किलोमीटर दूर। है। आप क्या करते हो जनाब?' 'क्लास वन अफसर था,' मैंने कहा तो लगा ज्यों उसका बाल काटने का सारा मजा किरकिरा हो गया हो। कैंची उसके हाथों में जम गई हो। ' थे तो एक ईश्वर भी। थे को यहां पूछता कौन है जनाब!'

'क्लास वन के बाल काटने से डर लगता है क्या?' ' नहीं साहब! रिटायर के बाल काटने से डर लगता है,' उसने कैंची किनारे छोड़ एकबार फिर मेरे द्वारा लूज किया एप्रन टाइट किया तो मैंने पूछा,' तो वहां से कैसे आते हो? पैदल या...' 'हवाई जहाज से जनाब! आप कैसे आए हैं?' ' पैदल चलकर। अजीब नहीं लगता जब तक आदमी चलने लायक होता है तब तक वह साइकिल पर चलता है, स्कूटी पर चलता है, मोटर साइकिल पर चलता है , कार में चलता है। और जब उसकी टांगें जवाब देने लगती हैं तो वह पैदल चलने की कोशिश करता है,' मुझे लगा अब उसकी कैंची के साथ साथ उसे भी गुस्सा आने लगा है। तब उसका मन रखने के लिए मैंने अपनी गरदन उसके हिसाब से ढीली छोड़ दी। वह मेरे बाल काटने को मेरी गरदन अपने हिसाब से सेट करके हटा तो मैंने उससे पूछा,' सेट कितने कमरों का है?' 'दो कमरों का। क्यों? किराया आप देने की सोच रहे हैं?' अब वह बार्बर से बर्बर होता मेरे दिमाग को घूरने लगा था। मैंने अपने सामने के शीशे में उसका वह रूप साफ साफ देखा। पर मैं कर कुछ नहीं सकता था। आखिर उसने मेरी गरदन एक हाथ से कसकर पकड़ी और दूसरे हाथ से मेरे बाल काटने लगा तो मैंने पूछा,' शादीशुदा हो?' 'हां!' ' कितने बच्चे हैं?' ' तीन।' ' बेटे कितने हैं?' ' तीनों ही।' 'ऑप्रिशन क्यों नहीं करवाया? 'आप कटिंग करवाने नहीं आए थे। आए होते तो आपसे सलाह मिल जाती,' उसने पांच मिनट तक इधर उधर , ऊपर नीचे, दाएं बाएं हवा में कैंची चलाने के बाद कटे बाल ब्रश से साफ किए तो मैंने फिर पूछा,' बीवी है?' 'हां है।'

'गाय है या...' 'आधी गाय आधी सांड है।' 'गाय जैसी बीवी बहुत कम गधों को नसीब होती है डियर,' मैंने हंसते हुए कहा तो वह भीतर ही भीतर कुढ़ा। ' साहब उठो। मेरी कटिंग हो गई,' कहते उसने मुझे बाल काटने वाली कुर्सी से सहारा देते उठाया तो मैंने उससे पूछा,' कितने हुए?' 'जनाब सौ!' 'यार इतनी अच्छी कटिंग के केवल सौ?' महंगाई कितनी हो गई है यार! जरा रेट बढ़ा दो। अच्छा तो कल आता हूं शेव कराने,' मैंने अपने मुंह पर न उगे बालों पर हाथ फेरते उसे सौ पकड़ाए और अगले दिन उससे अपनी शेव कराने का समय ले अगले दिन उसकी खाली दुकान में पहुंचा तो उसने अपनी दुकान के दरवाजे पर बड़ा सा पोस्टर लगाया था-रिटायरियों का प्रवेश निषेध है।

अब आप ही बताओ, रिटायरियों को इस दुनिया में कहीं जगह भी है कि नहीं, जहां वे चैन से किसीसे बात कर सकें। रेट की कोई चिंता नहीं।

**अशोक गौतम**
**गौतम निवास, अप्पर सेरी रोड़,**
**नजदीक मेन वाटर टैंक,**
**सोलन-173212 हि.प्र.**

# जलियांवाला बाग का वह विभत्स नरसंहार

भारतीय स्वाधीनता संग्राम के इतिहास में जलियांवाला बाग का नरसंहार सबसे जघन्य और विभत्स हत्या लीला के रूप में याद किया जाता है। 13 अप्रैल 1919 की वह रोंगटे खड़े कर देने वाली घटना को हम कभी भूल नहीं सकते हैं। अंग्रेज सरकार और उसकी पुलिस ने निर्दोष और निरिह भारतीयों पर ताबड़तोड़ गोलियां चलाकर काफी बड़ी संख्या में बेकसूर लोगों की हत्या कर दी थी। जलियांवाला बाग की हत्याकांड से पहले इतना बड़ा नरसंहार दुनिया में कभी कहीं हुआ था। सच तो ये है कि उस अमानवीय हत्या लीला के बाद भी वैसा नरसंहार दुनिया में फिर कभी नहीं हुआ। जलियांवाला बाग की वह दुखद घटना द्वितीय विश्व युद्ध के ठीक बाद हुई थी। प्रथम विश्व युद्ध 1918 को समाप्त हुआ था और जलियांवाला बाग की घटना 1919 में हुई थी। प्रथम विश्व युद्ध में इंग्लैंड की ओर से लड़ते हुए हजारों भारतीय सेना जान दे दिए थे, लेकिन पंजाबी सेना अंग्रेजों का साथ नहीं दिए थे। कहा जाता है कि इसी कारण ब्रिटिश सरकार भारत की पंजाबी जनता से अंदर ही अंदर खफा थी और उनको सबक सिखाना चाहती थी। 13 अप्रैल 1919 को बैशाखी के दिन अमृतसर शहर में कर्फ्यू लगा हुआ था। चुंकि बैशाखी का त्योहार पंजाबियों का एक बड़ा पर्व होता है,



अतः कर्फ्यू का परवाह किए बिना ही हजारों की संध्या में लोग सड़कों पर निकल पड़े थे। भारतीय नेताओं ने रोलेंट एक्ट के खिलाफ एक सभा का आयोजन किया था। उस सभा पर हजारों की संध्या में भारतीय पहुंच रहे थे। सभा स्थल पर जाने के लिए एक ही संकरा रास्ता था। सभा का कार्यक्रम शुरू ही होने वाला था कि एकाएक वहां खलबली सी मच गई। अंग्रेजों के बिग्रेडियर जनरल एडवर्ड डायर बंदुक धारी बल के साथ वहां आ धमका। सभा में उपस्थित लोगों को चेतावनी दिए बिना ही डायर ने बंदुक धारियों को गोलियां चलाने का आदेश दे दिया। गोलियों की बारिश शुरू हो गई। बच्चे, बुढ़े , महिला पुरुषों की चीख-पुकार से सभा परिसर दहल उठा और जेनरल डायर का अट्टहास चारों तरफ गूंजने लगा। भय और आतंक से, जान बचाने की खातिर अनेक भारतीय पास के कुएं में कूद पड़े। अंग्रेज पुलिस ने दस बारह चक्र गोलियां चलाकर कुछ ही मिनटों में हजारों भारतीयों को मौत की नींद सुला दिए। बड़ी संख्या में घायल लोग तड़पते हुए चिल्ला रहे थे क्योंकि कर्फ्यू लगा होने से उन्हें अस्पताल तक ले जाने वाला कोई साधन उपलब्ध नहीं था। इस प्रकार देखते ही देखते एक हजार से अधिक लोगों की जानें चली गई और घटनास्थल पर मानो खून की नदियां बहने लगीं। अंग्रेजों के पतन पर ऊपरवाले ने मुहर लगा दी। जलियांवाला बाग के उस हृदय विदारक और अमानुषीक घटना के बाद हलांकि जनरल डायर ज्यादा दिनों तक नहीं बचे थे। सर्वशक्तिमान ऊपरवाले ने उन्हें सजा दी थी और उसे लकवा मार दिया था, वह अपंग हो गया था। कई सालों तक बिस्तर पर बीमार पड़े रहने के बाद 1927 को डायर की मौत हो गई थी। जलियांवाला बाग के नरसंहार को ब्रिटिश सरकार पतन की शुरुआत कहा जाता है।? जलियांवाला बाग के शहीदों को हमारी भावभीनी श्रद्धांजलि।

**अनित कुमार राय टिंकू,**
**बाघमारा, धनबाद।**

# मौत का मुआवजा

शहर में एक पुल ढहा ,क्या गजब का ढहा साहब आम आदमी को सुर्खी में ला दिया..अखवारों में हैडलाइन बनी, न्यूज़ मीडिया के एंकर गला फाड़ फाड़कर ब्रेकिंग न्यूज़ दे रहे हैं..मरने वालों के आंकड़ों पर बहस हो रही है! मुआवजे की मांग उठ रही है ! राहत बचाव दल ,शिनाख्त दल ,राजनीतिक पार्टियाँ इस हादसे की जिमीदारी एक दुसरे के कंधे पर डालने के लिए जुट गयी हैं .. शिनाख्त दल के कर्मचारी लगे है लाशें समेटने में.. वहीं से कहीं आवाज आ रही है - अरे, ये भी कोई मौत है? न हाथ का पता, न पैर का! शिनाख्त कौन करेगा? तेरा बाप? अरे, मरने से पहले चेहरे को तो ढंक लेना चाहिए था न, बाबा! देखो कैसे कुचल गया है! अब एक लाश पर दस-दस क्लेम करने वाले आ जाएँगे! लाश के सौदागरों के लिए तो यही मौका है! इस जरा सी मौत ने नाक में दम कर रखा है यार! लाश जलाएँगे नहीं, पहले तो मुआवजा माँगने आ जाएँगे!

देखो तो स्स्लाले को --मरते समय भी मुँह ऐसा बना रखा है, जैसे मरने में भी ठसक ! अरे, मौत से यहाँ कौन डरता है? अगर हिम्मत ही है तो जरा सा जी कर दिखाता ! साला यह आम आदमी ,बस मरने की फिराक में रहता है! अस्पतालों में धक्के खाता है। इसे नेचुरल मरना ही नहीं आता! बीमारियों से घर पर नहीं मरना, अस्पतालों में जाएगा, वहाँ नई-नई बीमारियाँ लेकर मरेगा! एक जैसी बीमारी से मरने का भी शौक नहीं इसे! अरे, जरा सी मौत के जरा से क्लेम के लिए दफ्तरों में चप्पलें घिसने वाले ये लोग! अफसरों की मीटिंग, चाय-नाश्ते, बड़े अधिकारियों के दौरे–अरे कुछ तो




ख्याल कर यार! हर जगह टाँग अड़ाए रखता है पिद्दी से मुआवजे के लिए! नाक में दम कर रखा है! देखा नहीं साहब अपने सेक्रेटरी के साथ गहन विचार-विमर्श में हैं! बाप की जरा सी मौत क्या हुई, रोज रपट लिखवाने आ जाता है! अधिकारी बुरी तरह झुंझला चुका है! अरे कौन मर गया यार? राजा मर गया क्या? बाप, मेरा माई बाप!

पुल के नीचे रिक्शा खड़ा करता था, वही धँस गया! रिक्शा भी गया उजड़! अरे, तो वहाँ रिक्शा क्यों खड़ा करता था? सरकार की प्रॉपर्टी को पार्किंग स्थल समझ रखा है तुमने?

माई बाप! दोपहर में थोड़ी देर सुस्ताने को खड़ा किया था कि पुल गिर पड़ा, हुजूर! और भी मरे हैं दस लोग! उनको तो मुआवजा मिल गया, तुझे क्यों नहीं मिला?

हुजूर, रिक्शा दूसरा ले लेता, अब मुझे ही गृहस्थी चलानी पड़ेगी!

तेरा ही बाप था, इसका क्या सबूत? जी, मेरा ही बाप था, हुजूर! रामलाल नाम है, मृत्यु प्रमाणपत्र भी लगा दिया! डॉक्टर साहब मेरे गाँव के ही थे, बना दिया हुजूर! औरों से 200 लिए, मुझसे 100 ही लिए, बड़े दयालु हैं! बस, आप दया कर दो हुजूर! रामलाल का मृत्यु प्रमाणपत्र... हाँ, वो तो ठीक है! लेकिन रामलाल तेरा बाप है, इसका क्या सबूत है तेरे पास? बेवकूफ बनाता है! कितने बाप हैं तेरे? ये कौन सा बाप मरा है? एक ही बाप है, हुजूर! अरे स्साले! ये बात तो तेरी माँ को पता होगी ना कि यही तेरा असली बाप है? जा, कल माँ को लेकर आना! भाग यहाँ से, मगज मत खा! इसी के साथ ही ऑफिस के माहौल में हंसी ने अपनी ढीठता के साथ पैर पसार दिए! अफसर ने भी अपने पैर टेबल के ऊपर पसार दिए और आज शाम को बॉस की पार्टी में बॉस की बीवी को क्या उपहार लेकर जाए, इस पर गहन विचार शुरू कर दिया!

**डॉ मुकेश असीमित**

Scanned with OKEN Scanner

# ढाबली सरपंच ने ट्रैफिक जाम से निजात पाने दिया आवेदन

इंदौर। सिंगापुर टाउनशिप रेलवे अंडरब्रिज में रोजाना ट्रैफिक जाम के हालत को देखते हुए ढाबली पंचायत सरपंच अंतिमबाला विकास यादव के द्वारा सांवेर विधायक और मध्यप्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट को आवेदन दिया गया और इस समस्या का स्थाई समाधान करने का आग्रह किया गया। मंत्री ने सरपंच अंतिम बाला विकास यादव के आवेदन को संज्ञान में लेते हुए तुरंत संबंधित रेलवे अधिकारी और रतलाम छ्रूरू को इस समस्या के समाधान के लिए आदेशित किया गया।

नगरनिगम का कुछ हिस्सा सिंगापुर टाउनशिप के अलावा ओर भी कई नई कॉलोनी इस क्षेत्र में आ चुकी हे जो कि



ढाबली पंचायत, बिज्जूखेडी पंचायत के अंतर्गत आती हे जिसमें लगभग 70 से 80 हजार रहवासी निवास करते हे। रतलाम डीआरएम ने आश्वस्त किया कि 15 दिन में इस समस्या का स्थाई समाधान निकाल लिया जाएगा और अंडर ब्रिज के पास ही 1 और बोगदा बनाया जाएगा, जिससे की आवागमन में सुविधा होगी और जमा किं स्तिथि नहीं बनेगी। मंत्री ने सरपंच अंतिम बाला विकास यादव को आश्वस्त किया और कहा यदि 15 दिन में समाधान नहीं किया गया तो मंत्री जी स्वयं जनप्रतिनिधि के साथ रेलवे मंत्री जी से इस समस्या के स्थाई समाधान के लिए मुलाकात करेंगे।



# सिविल इंजीनियरों का भविष्य विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन

इन्दौर। मेडीकेप्स विश्वविद्यालय, इन्दौर के सिविल इंजीनियरिंग विभाग ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) में सिविल इंजीनियरों का भविष्य विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान का सफलतापूर्वक आयोजन किया, जिसे भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के महाप्रबंधक (तकनीकी) सुमेश बंजाल ने दिया। इस सत्र में छात्रों और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और यह अत्यधिक संवादात्मक और जानकारीपूर्ण साबित हुआ।

महाप्रबंधक ने भारत के राजमार्ग अवसंरचना क्षेत्र में सिविल इंजीनियरों के लिए व्यापक संभावनाओं और भविष्य की संभावनाओं पर प्रकाश डालते हुए अपनी बात शुरू की। व्याख्यान का एक महत्वपूर्ण पहलू यात्री सुरक्षा और सतत बुनियादी ढांचे के विकास पर केंद्रित था। वक्ता ने यात्रियों के लिए सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए आधुनिक राजमार्गों में सड़क सुरक्षा ऑडिट, क्रैश बैरियर, स्मार्ट ट्रैफ़िक प्रबंधन प्रणाली और आपातकालीन कॉल बॉक्स को शामिल करने के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने राजमार्ग निर्माण और रखरखाव में दक्षता और सुरक्षा मानकों में सुधार के लिए भावी इंजीनियरों के लिए बीआईएम, जीआईएस-आधारित योजना, भूमि सर्वेक्षण के लिए ड्रोन और एआई-आधारित निगरानी प्रणालियों जैसी उन्नत प्रौद्योगिकियों को अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। यह सत्र बहुत ही संवादात्मक था, जिसमें छात्रों ने कैरियर के अवसरों, परियोजना निष्पादन चुनौतियों, राजमार्ग डिजाइन में नवाचार और बहुत कुछ के बारे में चर्चा की। सुमेश बंजाल ने छात्रों को जुनून और उद्देश्य के साथ सिविल इंजीनियरिंग करने के लिए प्रेरित किया, ताकि स्मार्ट और टिकाऊ बुनियादी ढांचे के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में योगदान दिया जा सके। विभाग ने इस प्रभावशाली सत्र के लिए ईमानदारी से धन्यवाद व्यक्त किया, जिसने छात्रों को प्रेरित किया और एनएचएआई के साथ सिविल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में गतिशील अवसरों के बारे में अधिक जागरूक किया। कार्यक्रम की शुरुआत में, सुजीत सिंघल ने अतिथियो का स्वागत किया। प्रोफेसर चयन गुप्ता (विभागाध्यक्ष) ने धन्यवाद ज्ञापन दिया और कुलगुरु प्रो (डॉ) दिलीप कुमार पटनायक ने सुमेश बंजाल को स्मृति चिह्न भेंट किया।

## हिंद देश परिवार के पटल पर नवरात्रि भजन संध्या

इंदौर। हिन्द देश परिवार के पटल पर नवरात्रि के 9 दिन भजन संध्या कार्यक्रम आयोजित किया गया । संस्था की संस्थापिका डॉक्टर



अर्चना पांडे अर्चि ने सभी को शुभकामनाएं दी। ममता श्रवण अग्रवाल ने प्रतिदिन नौ देवियों के विषय में जानकारी प्रस्तुति की। उमा मिश्रा प्रीति, डॉ शशि निगम, लता सेन, डॉ शशि कला अवस्थी, सीता सेन, संतोष तोषनीवाल, डॉ अंजुल कंसल, गायत्री शर्मा,प्रेरणा सेंद्रे, सुषमा खरे,डॉ नीलू सक्सेना आदि ने देवी के सुंदर भजनों की प्रस्तुति देकर पटल को सुशोभित किया। आशा जाकड़ ने सभी का आभार माना।

## बुजुर्ग–ग्रामीण उपभोक्ताओं के लिए वरदान बना डीटूडी एप...

इंदौर। न तो बिजली कार्यालय जाने की नौबत न हीं ज्यादा बिल राशि



वसूली जाने का डर, घर बैठे बिल जमा होने की सुविधा.... यह कार्य किया हैं मप्र पश्चिम त विद्युत वितरण क्षेत्र कंपनी ने। कंपनी के डोर टू डोर यानि डीटूडी एप के माध्यम से प्रति माह लाखों बिजली उपभोक्ताओं को घर बैठे बिजली बिल जमा करने की सुविधा मिली हैं। मार्च में रिकॉर्ड 11.48 लाख उपभोक्ताओं ने बिल राशि अपने घर, दुकान से ही जमा कराई हैं। ऐसे में समय पर बिल भरने पर न तो उनका कनेक्शन कटने की नौबत आई न ही सरचार्ज लगा, न ही उनसे बिजली बिल जमा करने की कोई अतिरिक्त राशि ली। इस सुविधा से विशेषकर मोबाइल नहीं चलाने वाले उम्रदराज और दूरस्थ गांवों, तंग बस्तियों में रहने वाले उपभोक्ताओं को खास सुविधा मिल रही हैं। पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के मुख्य अभियंता वाणिज्य श्री रवि मिश्रा ने बताया कि प्रबंध निदेशक श्री अनूप कुमार सिंह के मार्गदर्शन में उपभोक्ता सुविधाओं पर विशेष रूप से ध्यान दिया जा रहा हैं। ताकि केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण, मप्र विद्युत नियामक आयोग की मंशा के अनुसार सुविधा देकर उपभोक्ताओं को लाभान्वित किया जा सके। डीटूडी एप सुविधा भी उनमें से एक हैं।

# रोटरी क्लब ऑफ इंदौर प्रोफेशल्स ने नए विद्यार्थियों का स्वागत किया

इंदौर। प्रवेशोत्सव एक महत्वपूर्ण पहल है जिसका उद्देश्य स्कूल में नामांकन सुनिश्चित करना और बच्चों में शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ाना है। इस वर्ष शिक्षा विभाग के सुझावों के अनुरूप , प्रवेशोत्सव के दौरान कैरियर काउंसलिंग और भविष्य से भेट, इन सत्रों का आयोजन किया गया।

इस वर्ष प्रवेशोत्सव के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जिनमें प्रमुख रूप से दो ज्ञानवर्धक सत्र शामिल थे. *कैरियर काउंसलिंग सत्र* रोटेरियन श्रीकांत जोशी द्वारा लिया गया, जिसमें उन्होंने छात्रों को विभिन्न करियर विकल्पों और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए आवश्यक कौशलों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने संस्कृत भाषा सिखने के कई फायदे छात्रों के साथ साझा किए साथ ही भगवद गीता के श्लोक के माध्यम से अपने करियर में आगे बढ़ने हेतु मार्गदर्शन किया द्य दूसरा सत्र *भविष्य से भेंट* विषय पर था जो *रो.कर्नल निशित माथुर* द्वारा लिया गया द्य उन्होंने छात्रों को उनके भविष्य के लक्ष्यों को लेकर प्रेरित किया और अनुशासन तथा परिश्रम के महत्व पर जोर दिया। छात्रों ने दोनों सत्रों में गहरी रुचि दिखाई और प्रश्नोत्तर सत्र में



उत्साहपूर्वक भाग लिया। क्लब की अध्यक्ष सुषमा नंदी एवं सचिव सचिन गुप्ता ने बताया कि क्लब के गणमान्य सदस्य *कदवाली ग्राम के हायर सेकंडरी स्कूल* पहुंचे, जहाँ सत्रों का आयोजन किया गया। दोनों सत्र अत्यंत जानकारीपूर्ण रहे, और छात्रों ने इनमें गहरी रुचि दिखाई। प्रश्नोत्तर सत्र में उनकी सक्रिय भागीदारी सराहनीय रही। कार्यक्रम के अंत में मेरिट में आए छात्रों का सम्मान किया गया द्य नए विद्यार्थियों को स्टेशनरी सामग्री वितरित की गई जिससे वे अपनी पढ़ाई में सहूलियत महसूस करें। प्रवेशोत्सव न केवल स्कूल में नामांकन को बढ़ावा देता है बल्कि छात्रों को उनके भविष्य के प्रति जागरूक करने का भी एक बेहतरीन मंच है। इस बार आयोजित सत्रों ने छात्रों को सही दिशा में मार्गदर्शन दिया और उन्हें अपने लक्ष्यों को पाने के लिए प्रेरित किया। रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3040 के पब्लिक इमेज चैरपर्सन घनश्याम सिंह ने बताया कि प्रिन्सिपल परांजपे मॅडम* ने वक्ताओं को स्मृति चिन्ह भेट करते हुए कहा कि भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए जिससे शिक्षा और करियर को लेकर छात्रों में जागरूकता बढ़े।

## ज्योतिबा फुले की जयंती पर शिक्षित समाज बनाने का लिया संकल्प

इंदौर। समाज मे व्याप्त कुरीतियों को दूर कर ज्ञान की ज्योति जलाने वाले महान समाज सुधारक,नारी शिक्षा के जन्मदाता, महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर पर संकल्प लिया कि सामाजिक क्षेत्र में जनजागरण कर मातृशक्ति के कल्याण और उन्नति के लिए काम करते रहेंगे।

ये विचार योग एवं पर्यावरण समिति के अध्यक्ष ने जन्मदिवस पर महान सामाजिक सुधार के क्रांतिकारी ज्योति बा फूले को याद किया और सभी उपस्थित जनों ने योगाचार्य वीरसिंह



यादव की उपस्थिति में ज्योति बा फूले अमर रहे का उदघोष कराया। संचालन वीरसिंह यादव ने किया और आभार राजेश यादव ने माना।

# 14 अप्रैल से देशव्यापी आंबेडकर विचार क्रांति अभियान होगा प्रारंभ

इंदौर। सामाजिक संस्था न्यायाश्रय के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ पंकज वाधवानी (एडवोकेट एवं विधि विशेषज्ञ) ने जानकारी देते हुए कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर ने अपने विचारों और कार्यों से भारतीय समाज को गहराई से प्रभावित किया। उन्होंने अनेक प्रेरणादायक और क्रांतिकारी बातें कहीं, जो आज भी प्रासंगिक हैं। जैसे ÷यदि हम एक महान राष्ट्र बनना चाहते हैं, तो हमें पहले एक समतामूलक समाज बनाना होगा।÷ ÷मैं ऐसे धर्म को मानता हूं जो स्वतंत्रता, समानता और भाईचारे की शिक्षा देता है।÷ ÷जीवन लंबा होने के बजाय महान होना चाहिए।÷ ÷एक महान आदमी एक प्रतिष्ठित आदमी से अलग होता है क्योंकि वह समाज का सेवक होता है।÷ ÷हमारा संविधान केवल वकीलों के लिए नहीं बना है, बल्कि यह आम आदमी के लिए है।÷ ÷शिक्षा वह शस्त्र है जिससे आप दुनिया को बदल सकते हैं।÷ ऐसे महान विचारों को यदि समाज अपनाता है तो समझ में क्रांतिकारी सकारात्मक परिवर्तन आएगा , इसीलिए इंदौर की सामाजिक संस्था न्यायालय द्वारा डॉ आंबेडकर जयंती से यह राष्ट्रव्यापी जन जागृति अभियान प्रारंभ किया जा रहा है जिसका नाम आंबेडकर विचार क्रांति अभियान होगा, जो की डॉ अंबेडकर जयंती 14 अप्रैल 2025 से प्रारंभ होगा।

### देश के 16 राज्यों से एक साथ यह अभियान होगा प्रारंभ

एडवोकेट डॉ. पंकज वाधवानी जानकारी देते हुए बताया कि डॉक्टर अंबेडकर के विचारों को समाज में फैलने के लिए संस्था के 16 राज्यों में एक साथ यह अभियान प्रारंभ होगा। इसके अंतर्गत संस्था के अधिवक्ता साथी समाज में डा अंबेडकर के विचारों को सरल भाषा में विभिन्न माध्यमों सेफैलाएंगे।

# महात्मा ज्योतिबा फुले को भीम जन्मभूमि का नमन

इंदौर। डॉ. बाबासाहेब आम्बेडकर मेमोरियल सोसायटी (भीम जन्मभूमि स्मारक) महू, के पदाधिकारी, सदस्यों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओ ने अध्यक्ष भंते प्रज्ञाशील जी के नेतृत्व में राष्ट्रपिता महात्मा ज्योतिबा फुले जी की 198वीं जयंती पर ट्रस्ट चंद्रोदय वाचनालय, सात रास्ता महू, डॉ अम्बेडकर नगर स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।


स्त्री शिक्षा, नारी सशक्तिकरण और समानता के महान पैरोकार ज्योतिबा ने अपनी जीवनसंगिनी सावित्री फुले को तत्कालीन तथाकथित वर्ण व्यवस्था की अगुवाई में हुए सामाजिक विरोध के बावजूद शिक्षित किया और पितृ सत्ता को करारी चुनौती दे डाली और उन्हें इस काबिल बनाया कि उन्होंने आगे चलकर स्त्री शिक्षा के लिए कई स्कूल खोले, नारी सशक्तिकरण की दिशा में अभूतपूर्व नजीर पेश करते हुए फुले दंपत्ति ने जाति, धर्म की खोखली मान्यताओं को परे रखते हुए मानवता की मिसाल पेश की और सभी समुदाय की महिलाओं की उन्नति के लिए प्रबंध किया, जिसका उदाहरण बनी फातिमा शेख। महामानवों के इस पुण्य स्मरण पर डॉ. बाबासाहेब आम्बेडकर मेमोरियल सोसायटी के अध्यक्ष भंते प्रज्ञाशील, भारतीय बौद्ध महासभा जिला शाखा इंदौर के अध्यक्ष शुभम रायपुरे संस्था उपाध्यक्ष राजेंद्र वाघमारे, कोषाध्यक्ष सुनील खंडेराव, प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य एड. प्रकाश निकडे, राहुल हिवरे, वरिष्ठ सदस्य रंजीत तायड़े, डॉ. अजय जाधव, शुभम सपकाड़, प्रकाश मुक्तिकर उर्फ पीएम, सुरेश इंगले, सूबेदार प्रभाकर इंगले, दिलीप वाकोडे, दिनेश रामटेके, सुलोचना इंगले, मालती भालेवाड़ीकर, दीक्षा खोबरागड़े, रेखा पातलकर, सोनू रामटेके, महेश पातलकर, विनोद अहिरवार उपस्थित रहे।



# एनआइएफ ग्लोबल कालेज में प्रतिभाशाली छात्रों की प्रतिभा को प्रदर्शित किया







इन्दौर (नवीन मौर्य)। कला उद्गम रचनात्मकता, शैली और नवाचार का उत्सव है, जिसमें एनआईएफ ग्लोबल, इंदौर के प्रतिभाशाली छात्रों की प्रतिभा को प्रदर्शित किया गया। छात्र प्रदर्शनी में अपने डिजाइन प्रोजेक्ट और अंतिम उत्पाद का प्रदर्शन किया। छात्रों ने गांव, कार्निवल, गौरांगी का घर, एनआईएफ गाला और फैशन उत्पादन इकाई जैसी अवधारणाएँ चुनीं।छात्र अपने प्रोजेक्ट प्रदर्शित कर रहे हैं, जिसमें फैशन चित्रण, कैड, टेक्सटाइल, पैटर्न मेकिंग, ड्राफ्टिंग और कढ़ाई जैसे विषय शामिल हैं। उनके अंतिम उत्पाद स्प्रिंग समर कलेक्शन पर आधारित हैं, जिसमें गाउन, टीशर्ट, स्कर्ट और टॉप आदि शामिल हैं।

## कार्टून कोना




Scanned with OKEN Scanner

## किसान महापंचायत में संदीप रघुवंशी का सम्मान, पीथमपुर के सामाजिक मुद्दे उठाने पर मिला सशस्त्र पत्र



**पीथमपुर।** इंदौर में आयोजित किसान महापंचायत में पीथमपुर क्षेत्र के सामाजिक सरोकारों को निरंतर मंचों पर उठाने वाले रक्षा मंच के सक्रिय सदस्य संदीप रघुवंशी को ससम्मान सशस्त्र पत्र प्रदान किया गया। यह सम्मान उन्हें पीथमपुर क्षेत्र की जनसमस्याओं को बेबाकी से उठाने और जनहित में आवाज़ बुलंद करने के लिए दिया गया। रघुवंशी लंबे समय से पीथमपुर के जल संकट, ट्रैफिक व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाओं, व औद्योगिक क्षेत्र की समस्याओं को लेकर सक्रिय रहे हैं। संदीप रघुवंशी ने कहा यह सम्मान सिर्फ मेरा नहीं, उन सभी जागरूक नागरिकों का है जो अपने क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।+

## चेतना अटल युवा मंडल की नवीन कार्यकारिणी का गठन

**इंदौर।** चेतना अटल युवा मंडल की नवीन कार्यकारिणी का गठन मंडल की एक महत्वपूर्ण बैठक में सर्वसहमति से संपन्न हुआ। इस बैठक में संगठन के प्रमुख पदों पर नियुक्तियां की गई और सभी पदाधिकारियों को समाज के हित में कार्य करने की जिम्मेदारी सौंपी गई। नवीन कार्यकारिणी में संरक्षक के रूप में विजय यादव, अध्यक्ष के रूप में नरेंद्र शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य एवं संयोजक - प्रभारी संगठन के रूप में अभिषेक पंवार, उपाध्यक्ष के रूप में रवीना बरुआ, सचिव के रूप में अजय परमार, कोषाध्यक्ष के रूप में विजय बिरला और संयुक्त सचिव के रूप में चैतन्य जामनेकर को नियुक्त किया गया है। दृष्टिकोण और मिशन - चेतन अटल युवा मंडल अगले पांच वर्षों में अपने कार्यक्षेत्र का राष्ट्रव्यापी विस्तार करने की परिकल्पना करता है। संगठन का मुख्य उद्देश्य युवाओं को सशक्त बनाना है, विशेष रूप से उन बेरोजगार युवाओं को जो प्रतिभा के बावजूद मार्गदर्शन और सहायता से वंचित हैं। संगठन युवाओं को करियर विकास, प्रशिक्षण कार्यक्रमों और स्व-रोजगार के अवसर प्रदान करने पर केंद्रित है।

## हनुमान जयंती पर श्रद्धा और शक्ति का संगम

**पीथमपुर।** संकटमोचन हनुमान जी का जन्मोत्सव आज शनिवार को पीथमपुर नगर में हर्षोल्लास और भक्ति भाव के साथ मनाया जाएगा। नगर के विभिन्न मंदिरों में विशेष पूजन, सुंदरकांड पाठ, भंडारे और भव्य झांकियों की तैयारियाँ पूर्ण हो चुकी हैं। श्रद्धालुओं में इस पर्व को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

नगर के प्रमुख हनुमान मंदिर जैसे बालाजी मंदिर, संजय जलाशय स्थित बजरंगबली मंदिर, हाउसिंग बोर्ड के हनुमान मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना के साथ अखंड रामायण और सुंदरकांड पाठ की योजना बनाई गई है। कुछ इलाकों में हनुमान जयंती पर भव्य शोभायात्रा निकालने की तैयारी है जिसमें हनुमान जी की झांकी, ढोल-नगाड़े, डीजे और युवाओं की टोली भगवान के जयकारों के साथ नगर भ्रमण करेगी। यात्रा के दौरान कई स्थानों पर फल, शरबत और प्रसादी वितरण की व्यवस्था भी की जा रही है।

## मप्र टोबैको फ्री अलायंस का गठन, डा. आचार्य बने संयोजक



**इन्दौर।** प्रदेश में तंबाकू नियंत्रण गतिविधियों को सशक्त बनाना, युवाओं को तंबाकू सेवन के दुष्परिणामों से बचाना और कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सहयोग करने के उद्देश्य से तंबाकू नियंत्रण के क्षेत्र में कार्यरत संगठनों द्वारा इंदौर में आयोजित बैठक में मप्र टोबैको फ्री अलायंस का गठन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से आईएमए कैंसर एवं तंबाकू नियंत्रण कमेटी के राष्ट्रीय चेयरमेन डा. दिलीप कुमार आचार्य को अलायंस का संयोजक बनाया है। वहीं डा. दिव्या मेनन को सह-संयोजक नामित किया गया। अलायंस बैठक में तंबाकू नियंत्रण की वर्तमान स्थिति और संभावनाओं पर भी चर्चा हुई। इसके अंतर्गत जन-जागरूकता को बढ़ावा देना, तंबाकू की व्यापक समस्या को एक सामाजिक आपदा के रूप में प्रस्तुत करना तथा समय-समय पर शासन व प्रशासन को इसके दुष्परिणामों से अवगत कराना शामिल है।

## गंगा-जमना तेहजीब शहर की पहचान एडव्होकेट फ्रेंड्स ग्रुप का ईद मिलन

**इन्दौर।** एडव्होकेट फ्रेंड्स ग्रुप के ईद मिलन समारोह को संबोधित करते हुए महापौर पुष्पमित्र भार्गव ने कहा कि इन्दौर शहर गंगा-जमना तेहजीब की पहचान है। फ्रेंड्स ग्रुप के एडव्होकेट रियाज शेख वसीम खान और अनीस एहमद कुरैशी ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी इन्दौर के अभिभाषकों के द्वारा होली मिलन समारोह और ईद मिलन समारोह प्रत्येक वर्ष आयोजित किया जाता रहा है। कार्यक्रम को वरिष्ठ अधिवक्ता मनोज द्विवेदी, गिरीश पटवर्धन, शेख अलीम, सुरेन्द्र कुमार वर्मा, रितेश ईनानी, अजय बागडिया आदि ने संबोधित किया। स्वागत भाषण अधिवक्ता आसिफ वारसी और मोईन खान ने किया। साजिद खान ने ग्रुप की गतिविधियों से अवगत् कराया । आभार एडव्होकेट शाहरूख खान ने माना।

## जोरदार ठहाकों भरा विश्व हास्य दिवस मनेगा 4 मई को.....

**इन्दौर।** विश्व हास्य योग महासंघ के तत्वावधान में जोरदार ठहाकों भरा विश्व हास्य दिवस आगामी 4 मई रविवार को साकेत हास्य-योग क्लब द्वारा साकेत गार्डन में धूमधाम से मनाया जाएगा। महासंघ अध्यक्ष कैलाश चंद्र खण्डेलवाल ने बताया कि यह निर्णय आज संरक्षक डॉ. डीके तनेजा के निवास पर हुई बैठक में साकेत हास्य क्लब के अध्यक्ष मदन लाल बम व सचिव कमलेश मारु के आमंत्रण व सहमति से लिया गया। बैठक में हास्य-योग आंदोलन की प्रगति एवं भावी कार्य योजना के सम्बंध में चर्चा व निर्णय लिए गए। दिलीप जैन को महासंघ उपाध्यक्ष तथा रमेश मौर्य को महामंत्री मनोनीत किया गया। सभी ने दोनों नवनियुक्त पदाधिकारियों को माला पहनाकर बधाइयाँ दी। डॉ तनेजा व संस्थापक अध्यक्ष ओम प्रकाश गुप्ता व पूर्व अध्यक्ष बलराज सबलोक का स्वागत किया। उज्ज्वल स्वामी, राधाकिशन भैय्या, घनश्याम मित्तल, आरडी गुप्ता, राजेन्द्र गर्ग आदि ने शिरकत करी। सभी ने हास्य-योग की अमृत विधा को चहुँ ओर फैलाने हेतु नगर में और अधिक क्लब्स खोलने का संकल्प लिया। संचालन ओपी गुप्ता ने तथा आभार कैलाश खण्डेलवाल ने व्यक्त किया।

### तपने लगी छत और दीवारें, स्कूलों का समय बदला, सड़कों पर पसरा सन्नाटा और झुलसाती रही धूप की तेज तपन

# गर्मी ने दिखाए तेवर, 2 दिन में जिले का अधिकतम तापमान 40 डिग्री से ऊपर पहुंचा

पीथमपुर। जिले में गर्मी ने अप्रेल माह के पहले ही सप्ताह में अपने तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। सूरज की तेज किरणों ने लोगों को छांव में रूकने के लिए मजबूर कर दिया। पिछले दो दिन में जिले का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर तक पहुंच गया। गर्मी के कारण लोग बेहाल हो गए तो वहीं पशु-पक्षियों की भी परेशानी बढ़ गई है। इधर कलेक्टर प्रियंक मिश्र ने स्कूल का समय बदलते हुए सुबह 8 बजे से 12 तक स्कूल लगाने के निर्देश दिए है। हालांकि उनके लेट निर्णय के कारण बच्चों को काफी परेशानी उठानी पड़ी।

### 60 दिन पहले जितना था दिन का तापमान, अब उससे ज्यादा रात का पारा

शुक्रवार दोपहर शहर के बायपास पर सन्नाटा पसरा रहा। तेज धूप और गर्मी से लोग बेहाल नजर आए। तेज सूर्य की किरणों ने लोगों को परेशान कर दिया। वहीं धूप में निकले लोग अपने आप को कपड़ों से ढंककर निकले। शहर में दोपहर 2 बजे असहनीय गर्मी महसूस की गई। जहां इंसान तो दूर पशु-पक्षी भी गर्मी से व्याकुल नजर आए। ऐसे में लोग सड़क किनारे छांव में खड़े होने जगह तलाशते देखे गए।



#### हीट स्ट्रोक से बचने चिकित्सकों की सलाह

जिला अस्पताल के डाक्टर खांडे ने बताया कि गर्मी का मौसम शुरू हो गया है। तेज गर्मी में लोगों को अपने खान-पान पर विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता है। उन्होंने बाहर के खाने-पीने से बचने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि भीषण गर्मी में लोग ज्यादा से ज्यादा तरल पदार्थ पिएं। खाने में फल और ज्यादा से ज्यादा पानी पिएं, क्योंकि गर्मी के मौसम में हीट स्ट्रोक लू का खतरा बना रहता है और इस समय उल्टी दस्त की शिकायत भी हो जाती है। जिला अस्पताल में भी गर्मियों में उल्टी दस्त के मरीज ज्यादा आते हैं। इसीलिए तेज धूप में निकलने से पहले अपने हाथ-पैरों पर सनस्क्रीन लगाएं और अपने नाक और मुंह को कपड़े से ढककर निकलें। बुधवार को तेज गर्मी ने अपने तेवर दिखाए तो लोग अपने घरों में बिना कूलर, पंखे के घरों में नहीं रह सके, तो वहीं तेज धूप से मकानों की छत और दीवारों की तपन से भी लोग परेशान दिखे। शहर के बायपास सहित अन्य मार्गों पर जहां दो पहिया व पैदल लोगों की भीड़ रहती थी, वहां दोपहर में इक्का दुक्का लोग ही नजर आए और सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा।

# 14 से शादी-ब्याह की धूम, गूंजेगी शहनाई बाजार में कपड़ों-ज्वेलरी की खरीदारी बढ़ी

पीथमपुर। दो दिन बाद से फिर शहनाई की गूंज सुनाई देगी। 14 मार्च से शुरू खरमास 13 अप्रैल तक रहेगा। इसके बाद मांगलिक कार्यों का श्रीगणेश हो जाएगा। शुभ मुहूर्त के मद्देनजर न केवल बाजार तैयार है, बल्कि लोगों ने खरीदारी भी शुरू कर दी है। उपहार के रूप में भेंट देने के लिए ज्वेलरी से लेकर कपड़ों और इलेक्ट्रॉनिक सहित अन्य सामानों की खूब खरीदारी हो रही है।



ज्योतिषों के मुताबिक, अप्रैल में विवाह के लिए 9 शुभ मुहूर्त हैं। इसके बाद मई में सबसे अधिक 15 मुहूर्त हैं। जबकि जून में शुरुआत के केवल 8 दिन में 4 शुभ मुहूर्त है। इसके बाद विवाह का मुहूर्त फिर नवंबर व दिसंबर में आएगा। बाजार में दुकानदारों ने ज्वेलरी से लेकर कपड़ा, इलेक्ट्रॉनिक, इलेक्ट्रिकल, बर्तन, सौंदर्य प्रसाधन सहित अन्य स्टॉक मेंटेन कर लिया है।

#### बाजार में आकर्षक ज्वेलरी की रेंज

सराफा कारोबारियों के मुताबिक शादी के सीजन में पहले जैसा तो नहीं, लेकिन संतोषजनक व्यवसाय की उम्मीद है। तेजी के बावजूद लोग सोने की ज्वेलरी खरीद रहे हैं। ग्राहकों के लिए दुकानों पर नई रेंज मंगवाई गई है। कपड़ा व्यवसाय से जुड़े लोगों का कहना है कि इस सीजन में बच्चों और महिलाओं पर ज्यादा फोकस है। महिलाएं सबसे ज्यादा साड़ी व लहंगा पसंद कर रही हैं। इस सीजन में वह अच्छा व्यापार होने की उम्मीद कर रहे हैं।

#### शादियों में अब खानपान बदला

केटरर्स का कारोबार करने वाले लोगो ने कहा कि डेकोरेशन से लेकर खानपान तक में कई बदलाव आए हैं। खाना तैयार करने के लिए बाहर से कारीगर बुलाए जा रहे हैं। वजह स्थानीय डिश के अलावा चाइनीज फूड के साथ पंजाबी डिश की डिमांड आ रही है। इसी के साथ फूलों के डेकोरेशन वाले भी व्यस्त होने वाले हैं। इसी प्रकार बर्तन बाजार में भी दुकानों पर अब खरीदार शादी के लिए पहुंचने लगे हैं। व्यवसायियों ने बताया कि हालांकि इस बार अभी बाजार धीमा है, एक-दो दिन में इसमें उछाल आने की पूरी उम्मीद है।

#### शादियों के मुर्हूत

- अप्रेल - 14, 16, 18, 19, 20, 21, 25, 29, 30
- मई - 1, 5, 6, 8, 10, 14, 15, 16, 17, 18, 22, 23, 24, 27, 28
- जून - 2, 4, 5, 7, 8
- नवंबर - 2, 3, 6, 8, 12, 13, 16, 17, 18, 21, 22, 23, 25, 30
- दिसंबर - 4, 5, 6

## सड़क दुर्घटना क्लेम केस, मृतक के आश्रितों को 1.14 करोड़ मुआवजा आदेश

**इन्दौर।** सड़क दुर्घटना में हुई मौत के बाद क्षतिपूर्ति मामले में सुनवाई करते जिला कोर्ट ने इंश्योरेंस कंपनी को 1.14 करोड़ रुपए मुआवजा पीड़ित पक्ष को भुगतान के आदेश दिये है। घटना 17 जनवरी 2023 की रात 8 बजे इंदौर-खंडवा रोड, बलवाड़ा के पास की है और सड़क दुर्घटना में मृतक का नाम गणेश सोलंकी है वह अपने मामा के यहां आयोजित शादी में शामिल होने के लिए बाइक पर सवार होकर महू गांलव जा रहा था। तभी सामने से आ रहा एक तेज रफ्तार ट्रक उसे जोरदार टक्कर मारते निकल गया। टक्कर के बाद ट्रक के पिछले पहिए की चपेट में आये गणेश की मौके पर ही मौत हो गई। वह पीथमपुर स्थित एक कंपनी में सीनियर ऑपरेटर के पद पर कार्यरत था तथा उसकी सैलरी 48 हजार रुपए प्रति माह थी। उसके परिवार में पत्नी आरती, बेटी तनुजा उम्र आठ साल, बेटा निर्मल उम्र छ साल, मां आशा और पिता रूपसिंह थे और ये सभी पूर्णरूपेण उसी पर निर्भर थे। गणेश की मृत्यु के बाद आश्रित परिवारजनों ने अपने वकील के माध्यम से 7 फरवरी 2023 को जिला कोर्ट में याचिका दायर करते ट्रक ड्राइवर मोहम्मद फारुख ताहिर, निवासी अकोला और द ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी से 2 करोड़ रुपए का क्लेम दिलाने की मांग की। याचिका सुनवाई दौरान याचिकाकर्ताओं की और से वकील गोविंद आर. मीणा ने पैरवी करते सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के कई न्याय दृष्टांतों का हवाला दिया। उन्होंने तर्क दिया कि दुर्घटना का सबसे महत्वपूर्ण साक्ष्य वह वाहन चालक होता है जो दुर्घटना में शामिल होता है। इस केस में ट्रक ड्राइवर की लापरवाही साबित हुई, लेकिन उसका परीक्षण ही नहीं कराया गया, जिससे उसके विरुद्ध प्रतिकूल अनुमान निकाला जा सकता है। वहीं मामले में दुर्घटना के प्रत्यक्षदर्शी दुकानदार ने बताया कि कर्मचारी ट्रक ड्राइवर की लापरवाही के कारण ट्रक के पिछले पहिए की चपेट में आ गया था। उसने यह घटना अपनी आंखों से देखी थी। हालांकि प्रत्यक्षदर्शी के बयान पर इंश्योरेंस कंपनी के वकील ने आपत्ति ली जिसे कोर्ट ने खारिज करते इंश्योरेंस कंपनी को मृतक गणेश के परिजनों को ब्याज समेत कुल 1.14 करोड़ रुपए देने का आदेश दिया।

## महावीर जयंती पर वरिष्ठजनों का किया सम्मान



**इंदौर।** श्री दिगंबर जैन आदिनाथ जिनालय छत्रपति नगर में वर्तमान शासन नायक भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक के उपलक्ष में जिनालय से भगवान महावीर स्वामी की प्रतिमा को रजत विमान वेदी में विराजित कर बैंड बाजे के साथ शोभा यात्रा के रूप में छत्रपति नगर से गौरव नगर, महावीर बाग एवं अग्रसेन नगर होते हुए वापस जिनालय तक बिहार कराया गया, शोभायात्रा में महिलाएं मंगल गीत गाते हुए और पुरुष भगवान महावीर स्वामी का जयकारा लगाते हुए पैदल चल रहे थे मार्ग में जगह-जगह श्रीजी की मंगल आरती उतारी गई। शोभा यात्रा के वापस जिनालय पहुंचने पर श्रीजी का स्वर्ण रजत कलशों से अभिषेक हुआ। धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी श्री अनिल जैनको एवं धर्मेंद्र सिनकेम के मुख्य आतिथ्य में

75 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके समाज के 11 वरिष्ठ अमृत पुरुषों सर्वश्री प्रकाशचंदजैन , कैलाश जैन नेताजी माणिकचंद नायक, ब्रह्मचारी उत्तम चंदजी, डॉ वी सी जैन, इंजीनियर डी एल जैन , रमेश चंद जैन , जय कुमार जैन, हीरालाल शाह और सुरेश जैन पड़ोसी का प्रशस्ति पत्र के साथ शाल, श्रीफल,पगड़ी एवं मोतियों की माला पहनाकर सम्मान किया गया। समारोह में सम्मानित व्यक्तियों के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाशित एवं ट्रस्ट के कार्याध्यक्ष डॉ जैनेंद्र जैन द्वारा संपादित एक लघु पुस्तिका भी वितरित की गई।

## 100 गांव का गेहूं खरीदने वाला बरलाई साइलो केंद्र बंद हुआ

#### हजारों ट्रैक्टर 3 दिन से फंसे :42 डिग्री गर्मी में किसान अपने घरों पर गेहूं के ट्रैक्टर लेकर रवाना

**इन्दौर।** किसान नेता हंसराज मंडलोई ने अपनी प्रेस विज्ञप तैयारी करके कहा कि सांवेर विधानसभा क्षेत्र के विधायक तुलसी सिलावट प्रदेश सरकार में मंत्री होने के बावजूद अपने क्षेत्र के किसानों का गेहूं तुलवाने में असमर्थ है जिसके परिणाम स्वरूप आज बरलाई साइलो केंद्र बंद हो गया जिसके कारण शिप्रा मांगलिया क्षेत्र के सेकंडों गांव के हजारों ट्रैक्टर 42 डिग्री गर्मी में अपने घरों पर जाने के लिए मजबूर हो गए।



हंसराज मंडलोई ने आगे बताया कि मेरे द्वारा कई दिनों से मांग की जा रही थी कि हमारे क्षेत्र के किसानों के साथ भेदभाव हो रहा है गेहूं के स्लाड काम बुक किया जा रहे हैं जिसके कारण किसान परेशान हो रहे हैं बरलाई के जी खरीदी केंद्र पर 100 गांव के गेहूं तुलते थे आज वह भी बंद हो गया एवं चार दिन से किसान भूखे प्यासे इंतजार कर रहे थे परंतु आज फाइलों प्रबंधक ने गेहूं तुलवाने में हाथ खड़े कर दिए किसान नेता हंसराज मंडलोई ने मांग की है कि विधायक सिलावट अपनी कमजोरी स्वीकारते हुए तत्काल मंत्री पद से इस्तीफा दे एवं किसानों को उनका वहां किराया देकर अति फिक्र शीघ्र गेहूं तुलवाने की व्यवस्था करें अन्यथा किसान बड़ा आंदोलन करने को मजबूर हो जाएगा।

## ग्रामीण क्षेत्र में निजी भूमि से पेड़ काटने की अब ऑनलाइन मिलेगी अनुमति



### सरपंच से छीना गया पेड़ काटने की अनुमति देने का अधिकार

**भोपाल (ई)।** मध्य प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में निजी भूमि पर पेड़ काटने की अनुमति अब आनलाइन दी जाएगी। अभी तक सरपंच को इसके अधिकार थे। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने सरपंचों के इस अधिकार को वापस लेकर स्थगित कर अनुमति की प्रक्रिया ऑनलाइन कर दी है। पंचायतराज संचालक छोटे सिंह ने सभी जिला कलेक्टरों को परिपत्र भेजकर कहा है कि अब ग्रामीणों की निजी भूमि पर पेड़ों की कटाई की अनुज्ञा संबंधी प्रक्रिया पंचायत दर्पण पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन की जाएगी।

वर्तमान अप्रैल माह से किसी भी प्रकार का सरपंच द्वारा जारी किया गया ऑफलाइन अनुज्ञा पत्र मान्य नहीं होगा। आवेदन पत्र की प्रविष्टि एवं स्वीकृति की प्रक्रिया से पंचायत के पदाधिकारियों, सचिव, पटवारी, राजस्व निरीक्षक, ग्राम रोजगार सहायक, उपयंत्री एवं अन्य मैदानी कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा और इस कार्य की प्रभावी निगरानी की जाएगी। 13 जनवरी 2023 में इसके लिए पटवारी की रिपोर्ट पर ग्राम पंचायत को अधिकृत किया गया था। बता दें कि इससे पहले ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीणों की निजी भूमि पर पेड़ कटाई की अनुमति देने का अधिकार ग्राम पंचायत के सरपंच को दिया गया था। राजस्व विभाग के राजपत्र के अनुसार, ग्रामीण क्षेत्र में पेड़ों को काटे जाने के लिए पटवारी की रिपोर्ट पर ग्राम पंचायत को अधिकृत किया गया था।

Scanned with OKEN Scanner



### डमरू की डम-डम से गूंज उठा टांडा, ड्रोन से हुई पुष्प वर्षा,भगवा ध्वज लेकर थिरके हनुमान भक्त

# हनुमान जन्मोत्सव की धूम

## हजारों श्रद्धालुओं ने भंडारे में ग्रहण की महाप्रसादी



**टांडा (हितेश वर्मा)।** नगर में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में शोभायात्रा निकाली गई जो मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। इस दौरान पूरा नगर धार्मिक रंग में रंगा नजर आया। हनुमान जन्मोत्सव को लेकर मासिक पूर्णिमा उत्सव समिति काफी दिनों से तैयारी में जुटी थी।

नरसिंह मंदिर प्रांगण में प्रति पूर्णिमा अनुसार अखंड रामायण का पाठ प्रारंभ किया गया जो हनुमान जन्मोत्सव की सुबह समाप्त हुआ। सुबह 6ः00 हनुमान जी की जन्मोत्सव आरती उतारी गई। इस अवसर पर हनुमान जी का मनमोहक चोला श्रृंगार किया गया। 8ः00 बजे नरसिंह मंदिर प्रांगण से धर्म यात्रा निकाली गई जो में मेन रोड होते हुए सदर बाजार पहुंची यहां से माहेश्वरी गली होते हुए पुनः नरसिंह मंदिर पहुंची। जहा हनुमान जी की आरती उतारी गई। एवं भंडार प्रसादी प्रारंभ की गई। शोभायात्रा में नगर की धर्म प्रेमी जनता बड़ी संख्या में शामिल हुई। यात्रा के दौरान कई जगह मंच लगाकर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। शोभायात्रा में सबसे आगे बेंड बाजो पर हनुमान गीतों की प्रस्तुति दी रही थी। उसके पीछे धर्मध्वजा लेकर बच्चे थिरकते हुए चल रहे थे। मातृशक्ति तथा युवतिया भी एक रंग के परिधान में सज-धज कर गरबे नृत्य करते हुए चल रही थी। पीछे ढोल पर पैरों में घुंगरू बांध कर भक्ति में सराबोर युवक नाचते हुए चल रहे थे। ततपश्चात हनुमानजी के रूप में सज कर आए युवक चल रहा था। वही उज्जैन महाकाल सवारी की तर्ज पर झांकी भी निकाली गई जिसमें उज्जैन सवारी की तर्ज पर बाबा महांकाल के मुखोटे को सुंदर सज्जित गाड़ी में विराजित कर 30 सदस्यीय नागचंद्रेश्वर भक्त मंडली डमरू बजाते हुए चल रहे थे। पश्चात बग्गी में हनुमानजी का चित्र तथा संत बैठे थे। वही शोभायात्रा में आगे आगे पानी के टैंकर से पूरे यात्रा के मार्ग में पानी का छिड़काव किया गया। रास्ते में कई जगह आइसक्रीम कुल्फी एवं ठंडा पेय तथा शीतल जल पिलाकर भक्तो का स्वागत किया गया। इस अवसर पर नरसिंह मंदिर प्रांगण को आकर्षक विघुत साज सज्जा से सजाया गया। दोपहर 12ः00 संगीतमय सुंदरकांड का पाठ प्रारंभ किया गया। वही भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने महाप्रसादी ग्रहण की। इस अवसर पर पूर्णिमा उत्सव समिति के द्वारा पुरुष एवं महिलाओं की बैठने के उत्तम व्यवस्था की गई। वही धर्म यात्रा में ड्रोन के द्वारा पुष्पवर्षा भी की गई। मेनरोड पर धर्मयात्रा के दौरान पुलिस को ट्रैफिक व्यवस्था संभालने के लिए मशक्कत पड़ी। नगर के खेड़ापति हनुमान मंदिर में भी हनुमान जी का विशेष श्रंगार किया गया । सुबह 6 बजे आरती उतारी गई दिनभर दर्शन का दौर चला रहा।

### ग्रामीण क्षेत्रो में भी मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव

आस-पास के ग्रामीण क्षेत्र में भी हनुमान जन्मोत्सव आस्था एवं श्रद्धा के साथ मनाई जाएगी। ग्रामीण क्षेत्र के बड़दा हनुमान मंदिर,खेड़ली हनुमान मंदिर, चुनपिया हनुमान मंदिर, खरवाली हनुमान मंदिर, धयड़ी हनुमान मंदिर, बाकी हनुमान मंदिर,जामला हनुमान मंदिर, जाली हनुमान मंदिर, गरडी हनुमान मंदिर,बड़कच हनुमान मंदिर, मुहाजा हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव के उपक्षय में भगवान का विशेष चोरा श्रंगार किया जाएगा एवं आरती प्रसादी का वितरण भी किया जाता है एवं कई जगह भंडारे का आयोजन भी किया गया।





## सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर में आस्था का उमड़ा जनसैलाब

### 250 किलो घी के बाफले की महाप्रसादी का वितरण



**कुक्षी।** हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में नगर पुराने पुलिस थाने के पीछे अतिप्राचीन सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर में प्रतिवर्षनुसार इस वर्ष भी मंदिर समिति द्वारा हर्षोल्लास से मनाया गया अल सुबह से मंदिर में दर्शनार्थियों को तांता लगा था माताजी व हनुमानजी का आकर्षक व मनमोहक श्रृंगार किया गया।

दोपहर 12 बजे छप्पन भोग लगाकर महाआरती कर महा प्रसादी के रूप में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें नगर सहित आसपास के श्रृद्धालुओं का जन?सैलाब उमड़ा 150 किलो घी के बाफले बनाए गए केसरिया भात और नमकीन छाछ भंडारे में वितरित की गई साथ ही नुक्ती महाप्रसाद रूप में श्रृद्धालुओं ने लुफ्त उठाया नगर के त्रिकालदर्शी हनुमान खेड़ापति हनुमान रोकड़िया हनुमान तालनपुर गणेश हनुमान मंदिर में भी हनुमान जन्मोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया संपूर्ण नगर हनुमानमय दिखाई दिया साथ ही जगह जगह विशाल भंडारे का आयोजन आयोजित किए गए।

## उपस्थिति बढ़ाने बच्चों के घर पहुंचे शिक्षक, स्कूल चले हम अभियान चलाया



**डही।** आमतौर पर बच्चों की यह मानसिकता होती है की परीक्षा के बाद वह लंबे समय तक ग्रीष्म अवकाश मनाते हैं और फिर जुलाई से ही स्कूल जाना पसंद करते हैं। एक जमाने में ऐसा होता भी था। जमाना तो बदल गया लेकिन कई बच्चों और अभिभावकों की मानसिकता आज भी वैसी ही बनी हुई है। यही वजह है कि मार्च में जब परीक्षा का दौर समाप्त हो जाता है और अप्रैल से जब नया सत्र शुरू होता है तो बच्चों की उपस्थिति बहुत ही कम देखने में आती है। एक वजह अप्रैल में भीषण गर्मी का दौर भी होता है। जिसमें अभिभावक अपने बच्चों के स्वास्थ्य के खातिर स्कूल नहीं भेजते हैं। 1 अप्रैल से अभी तक दोपहर के सत्र में लगने वाले स्कूलों में बच्चों की बहुत ही कम उपस्थिति देखने में आ रही थी। लेकिन शनिवार से कलेक्टर धार के आदेश पर सुबह के पाली में स्कूल लगने शुरू हो गए हैं। ऐसे में सुबह स्कूल पहुंचे शिक्षकों ने स्कूल नहीं आने वाले बच्चों के घरों तक पहुंच कर उन्हें प्रेरित कर स्कूल चले हम अभियान चलाया।

नगर में सीएम राइज स्कूल के प्राचार्य अरूण कुशवाह स्टॉफ के साथ बच्चों के घर- घर जाकर बच्चों को स्कूल आने के लिए प्रेरित करते नजर आए। उन्होंने बच्चों को समझाया कि स्कूल अब सुबह 7 बजे से 12 बजे तक लगेंगे और सभी शिक्षक विद्यालय में समय पर उपस्थित होकर पढ़ाने को तैयार है और जब तक स्कूल में बच्चे नही आएंगे तो पढ़ाई कैसे होगी। इसलिए सुबह जल्दी जागो और 7 बजे स्कूल आओ। इस पर कई बच्चें स्कूल आने को सहमत हुए। प्राचार्य श्री कुशवाह ने बच्चों के अभिभावकों से कहा कि बच्चें ही देश का भविष्य है और पढ़ाई से बढ़कर कोई काम नहीं। इस दौरान शिक्षक सचिन इश्के, प्रकाश डोडवे, बाल मुकुंद कलवाडिया, नवल सिंह चमेलका, चांदनी मालवीया, उपासना गुप्ता सहित पूरा स्टाफ मौजूद था। इधर ग्राम बड़दा में प्राचार्य भूर सिंह चौहान के नेतृत्व में शिक्षकों ने स्कूल चले हम अभियान अंतर्गत घर-घर जाकर बच्चों को स्कूल आने के लिए प्रेरित कर अभियान चलाया। टेमरिया में शिक्षक बोंदर सिंह सस्त्या, राजाराम गनावा, सूरत सिंह जमरा आदि ने भी बच्चों को स्कूल आने के लिए प्रेरित किया। बड़वान्या और पीथनपुर में भी स्कूल चले हम अभियान चलाया गया।

**सभी बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा में लाएंगे** - बीआरसी मनोज दुबे ने बताया कि सुबह के सत्र में स्कूल शुरू होने से शिक्षकों में उत्साह है।

### 1 घंटे चली तेज हवा आंधी गिरे पेड़ और उखड़े टेंट



**अम्झेरा।** शनिवार अलसुबह एकाएक मौसम में बदलाव आया और घने बादलो ने डेरा जमा लिया इस दौरान करीब एक घंटे तक तेज हवा आंधी चली जिससे सरस्वती षिषु मंदिर स्थित पेड़ धराषायी हो गया जिससे स्कुल की पानी की टंकी भी क्षतिग्रस्त हो गई वहीं कई स्थानों पर पेड़ो की बड़ी-बड़ी शाखाऐं टुट कर रास्तो पर आ गई वहीं शादी समारोह में लगाये गये टेंट भी हवा में उखड़ गये । धुल भरी आंधी से लोगो की दुकानो व घरों में धुल व सुखे पत्तो का ढेर लगगया ।

## पांडव कालीन साढ़े बारह हनुमान को चढ़ाया चोला



**सिंघाना (चेतन जिराती)।** धार जिले के सिंघाना में हनुमानजयंती के पावन पर्व पर सभी मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना के साथ यज्ञ सम्पन्न हुवे, सिंघाना में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी समस्त हिंदू संगठन सिंघाना के द्वारा हनुमानजयंती के पावन पर्व पर ग्राम के प्राचीन पाड़व कालीन साढ़े बारह हनुमान जी को चोला चढ़ाया गया व क्षेत्र की सुख शांति की कामना की।

# समाज सुधारक के आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया गया

**बदनावर (इंदौर समाचार)।** भारतीय जनता पार्टी नगर पिछड़ा मोर्चा द्वारा शुक्रवार को महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती सादगी और श्रद्धा के साथ मनाई गई। आनंदेश्वर महादेव मंदिर के सामने नगर परिषद द्वारा लगाई गई ज्योतिबा फुले की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर वक्ताओं ने फुले के जीवन और उनके समाज सुधार कार्यों पर प्रकाश डाला। भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष मनोज सोमानी ने कहा महात्मा फुले ने शिक्षा को समाज परिवर्तन का माध्यम बनाया और नारी शिक्षा के क्षेत्र में अद्वितीय कार्य किए।



उनका जीवन प्रेरणा का स्त्रोत है। महात्मा फुले के विचार प्रासंगिक हैं और हमें उनके बताए रास्ते पर चलकर समाज में समरसता लाने का प्रयास करना चाहिए।इस मौके पर नगर परिषद अध्यक्ष मीना यादव, वरिष्ठ नेता प्रजेंद्र भट्ट, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष प्रीतेश सिंह पवार, जिला महामंत्री कन्हैयालाल गुर्जर, पिछड़ा मोर्चा नगर अध्यक्ष प्रदीप पवार, दीपक जादव, पवन चावला, यश यादव, संतोष चौहान, चेतन यादव, मोहनलाल प्रजापत, सहित बड़ी संख्या कार्यकर्ता उपस्थित थे। संचालन संतोष चौहान ने किया आभार प्रदीप पवार ने माना।

Scanned with OKEN Scanner

**प्रथम पेज का शेष....**

## रामबाग हनुमान मंदिर पर महाप्रसादी का आयोजन

गढ़ कैलाश के आगे श्री चिंताहरण हनुमान मंदिर रामबाग पर हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर तीन दिवसीय आयोजन किए गए। माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष शैलेंद्र डागा, रामबाग श्री हनुमान मंदिर समिति के अध्यक्ष डॉ बीएल तापड़िया एवं सचिव आदित्य डागा ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर मंदिर में तीन दिवसी धार्मिक आयोजन किए गए। श्री रामचरितमानस का पाठ किया गया। सोमवार को सुंदरकांड का आयोजन हुआ। मंगलवार को श्री हनुमान जन्मोत्सव पर हवन, पूजन, महाआरती एवं महाप्रसादी का आयोजन किया गया।इसी प्रकार शहर के अन्य हनुमान मंदिर में भी धार्मिक आयोजनो की धूम रही।

## जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत ग्राम सेजावता में प्राचीन बावड़ी की साफ- सफाई की गई



रतलाम। जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत श्रेष्ठ नवनिर्माण फाउंडेशन के माध्यम से आदर्श ग्राम सेजावता में समिति के सदस्यों ने बावड़ी पर श्रमदान कर जल गंगा संवर्धन अभियान को आगे बढ़ाते हुए श्रमदान के माध्यम से प्राचीन बावड़ी की सफाई की। इस अवसर पर विकासखंड समन्वयक शैलेंद्रसिंह सोलंकी ने बैठक में उपस्थित समिति सदस्यों से कहा कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए आयोजित इस अभियान में हम सब की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। नवांकुर संस्था सचिव नरेंद्र श्रेष्ठ ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए कार्यक्रम की भूमिका रखी। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच गोपाल डाबी, उपसरपंच गणेश मालवीय, ग्राम पंचायत सचिव, सहायक सचिव, प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष कृष्णेन्द्र सिंह, कालूपुरी गोस्वामी, युवराज, सुनील, करण, नेतृत्व विकास पाठ्यक्रम के परामर्शदाता राजेश सोलंकी, धनपाल शर्मा, सुनील बैरागी सहित ग्राम के सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## श्रीमद् भागवत कथा के पांडाल का हुआ भूमिपूजन

रतलाम। श्री बद्रीनारायण सेवा ट्रस्ट द्वारा परम पूज्य श्री रामचन्द्र जी डोंगरे महाराज की प्रतिमा अनावरण एवं पूज्य गुरुदेव श्री उत्तम स्वामी जी महाराज जी की श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 24 अप्रैल से 30 अप्रैल 2025 तक त्रिवेणी मेला ग्राउंड रतलाम सम्पन्न होगी। श्रीमद् भागवत कथा हेतु पांडाल का भूमिपूजन कार्य अखंड ज्ञान आश्रम के श्री देव स्वरूपानंद जी के सानिध्य में हर हर महादेव के जयकारों के साथ मुख्य यजमान ओमप्रकाश सोनी पेटलावद वाले, बद्रीनारायण सेवा ट्रस्ट, सनातन धर्म सभा के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की उपस्थिति में पंडित श्री संजय ओझा द्वारा विधि विधान से पूजन करवाकर आज हर्षोल्लास से संपन्न हुवा। पूज्य गुरुदेव श्री उत्तम स्वामी जी महाराज 24 अप्रैल से 30 अप्रैल तक द्वारा की जा रही भागवत कथा की तैयारियों का श्री बद्रीनारायण सेवा ट्रस्ट द्वारा जोरशोर से की जा रही है । श्रीमद् भागवत कथा प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से सायं 6 बजे तक होगी। इसी क्रम में आज श्री हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर भागवत कथा के पांडाल का भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. राजेन्द्र शर्मा, अनिल झालानी, नवनीत सोनी, सत्यनारायण पालीवाल, कोमलसिंह राठौड़ (पूर्व विधायक), हरिश सुरोलिया, विशाल शर्मा एमआईसी सदस्य, ब्रजेन्द्र नंदन मेहता, मनोज शर्मा, जयेश झालानी, चेतन शर्मा, सुरेश दवे, दिनेश दवे, सत्यदीप भट्ट, कपूर सोनी, नारायण राठौड़, निलेश सोनी, योगेश सोनी, किशोर मित्तल, संजय सोनी, जनक नागल, लालचंद टांक, सतीश राठौड़ आदि उपस्थित थे।



# शहर में धूमधाम से मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव,सामुहिक रूप से 1 लाख 11 हजार 111 हनुमान चालीसा का पाठ हुआ

रतलाम। श्री हनुमान जन्मोत्सव पर आज शहर में जगह-जगह धार्मिक आयोजन हुए। हनुमान जन्मोत्सव को पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया। नेहरू स्टेडियम में सामुहिक रूप से 1 लाख 11 हजार 111 हनुमान चालीसा का पाठ हुआ ,जो वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया। मंदिरों में महाआरती एवं प्रसादी का आयोजन भी हुआ। सेवा वीर परिवार द्वारा रतलाम में 1 लाख 11 हजार 111 सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन आज संतों की उपस्थिति में नेहरु स्टेडियम में किया गया। प्रातः 7.30 बजे से 10:30 बजे तक हुए पाठ में करीब 15 हजार श्रद्धालुओं ने उत्साह के साथ सहभागिता की।



**श्री हनुमान मंदिरों में हुए धार्मिक आयोजन**- श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर शहर के हनुमान मंदिरों में भी धार्मिक आयोजनों की धूम रही। श्री मेहंदी कुई बालाजी मंदिर , बरबढ हनुमान मंदिर, साहू बावड़ी स्थित श्री बजरंगबली मंदिर पर सुबह से ही दर्शन के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। हनुमान जी की प्रतिमा का मनमोहक श्रृंगार किया गया। श्री मेहंदीकुई बालाजी मंदिर पर भी श्री हनुमान जन्मोत्सव पर पांच दिवसीय धार्मिक आयोजन किए गए। यहां आज 12:00 बजे यज्ञ की पूर्णहुति हुई ,उसके बाद शोभायात्रा निकालकर महा आरती की गई एवं प्रसादी का वितरण हुआ। सैलाना रोड स्थित बरबड़ हनुमान मंदिर पर पांच दिवसीय मेला आयोजित किया जा रहा है। सुबह से यहां दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। रात तक बड़ी संख्या में शहरवासी यहां हनुमानजी के दर्शन कर मेले का भी आनंद लेंगे। मेले में आने वाले भक्तों के लिए राम मंदिर से लेकर हनुमान मंदिर तक शहर की सामाजिक संगठनों, संस्थाओं द्वारा दोपहर बाद खाद्य व पेय पदार्थों की स्टाल लगाकर स्वागत किया जाएगा।

**रामबाग हनुमान मंदिर पर महाप्रसादी का आयोजन**-गढ़ कैलाश के आगे श्री चिंताहरण हनुमान मंदिर रामबाग पर हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर तीन दिवसीय आयोजन किए गए। माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष शैलेंद्र डागा, रामबाग श्री हनुमान मंदिर समिति के अध्यक्ष डॉ बीएल तापडिया एवं सचिव आदित्य डागा ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर मंदिर में तीन दिवसी धार्मिक आयोजन किए गए। श्री रामचरितमानस का पाठ किया गया। सोमवार को सुंदरकांड का आयोजन हुआ। मंगलवार को श्री हनुमान जन्मोत्सव पर हवन, पूजन, महाआरती एवं महाप्रसादी का आयोजन किया गया।इसी प्रकार शहर के अन्य हनुमान मंदिर में भी धार्मिक आयोजनो की धूम रही।

## ग्रीष्मकाल में पेयजल समस्या के निराकरण हेतु नियंत्रण कक्ष की स्थापना

रतलाम। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रीष्मकाल में पेयजल समस्या के त्वरित निराकरण हेतु नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। नियंत्रण कक्ष का दूरभाष क्रमांक 07412-270439 है। प्रातः 8.00 से 10.30 बजे तक लक्ष्मण गरवाल, 10.30 से सायं 5.30 बजे तक श्रीमती चेतना सोलंकी तथा राहुल चौहान (शासकीय अवकाश में) तथा सायं 5.30 बजे से रात्रि 8.00 बजे तक अशोक धाकड नियंत्रण कक्ष की व्यवस्था सौंपी गई है। तहसील आलोट के लिए सहायक यंत्री सुश्री प्रियांशा दुबे मो.नं. 87705 20245 तथा उपयंत्री राहुल आर्य मो.नं. 78987 81055, तहसील ताल के लिए उपयंत्री राहुल आर्य मो.नं. 78987 81055, तहसील जावरा के लिए उपयंत्री इरफान अली मो.नं. 94259 37171 तथा तहसील पिपलौदा के लिए संजय मण्डलोई मो.नं. 6260085715 को जिम्मेदारी सौंपी गई है। तहसील रतलाम के लिए सहायक यंत्री नरेश कुवाल मो.नं. 9993899938, उपयंत्री अर्पित चत्तर मो.नं. 9340166238 तथा डी.सी. कथिरिया मो.नं. 7999154725 तथा उपयंत्री सुश्री पूजा भूरिया मो.नं. 97523 03934 को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

तहसील सैलाना के लिए सहायक यंत्री श्री नरेश कुवाल मो.नं. 9993899938, सुश्री शुभा अर्गल मो.नं. 80856 36995, तहसील बाजना तथा रावटी के लिए उपयंत्री जिग्नेश बामनिया मो.नं. 93998 23610 को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# हुसैन टेकरी से गायब हुआ हीरा :शिकायत के 7 माह बाद चोरी का केस दर्ज, अब पुलिस अलग एंगल से करेगी जांच

**रतलाम। जिले के जावरा स्थित प्रसिद्ध हुसैन टेकरी से गायब हुए हीरे के मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ चोरी का केस दर्ज किया है। हीरा गायब होने की शिकायत 18 अगस्त 2024 में हुई थी। शिकायत की जांच के बाद पुलिस ने 7 माह बाद हीरा चोरी होने का केस दर्ज किया।**



बता दें कि, हुसैन टेकरी शरीफ के पूर्व कर्मचारी शिकायतकर्ता इम्तियाज खान ने तत्कालीन एसपी राहुल कुमार लोढ़ा को सोशल मीडिया पर हीरा चोरी होने की शिकायत की थी। शिकायत के बाद हुसैन टेकरी के पूर्व सीईओ वसी जमा बेग समेत हुसैन टेकरी के पूर्व कमेटी सदस्यों ने भी आवेदन देकर हुसैन टेकरी शरीफ वक्फ जावरा के छोटे रोजे की जरी मुबारक के गुंबद के स्टार में लगा हीरा गुम होने की शिकायत की। इसके बाद आरोप-प्रत्यारोप का दौर चला। मामले में तत्कालीन एसपी ने जांच के आदेश दिए थे।

**भौतिक सत्यापन में हीरा पाया गया**- जावरा के औद्योगिक शहर थाना पुलिस की टीम जांच में जुटी। टीम ने हुसैन टेकरी के 10 जनवरी 1998 के भौतिक सत्यापन रजिस्टर देखे। साक्षियों के कथन, वीडियो व फोटो देखे। घटना स्थल का निरीक्षण किया। जांच टीम ने पाया कि पाया कि हुसैन टेकरी शरीफ के छोटे रोजे की जरी मुबारक गुंबद में एक स्टार हीरा लगा हुआ था। जो 6 मार्च 2024 से 7 अगस्त 24 के बीच कोई अज्ञात बदमाश चुरा ले गया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 303 (2) बीएनएस के तहत केस दर्ज किया।

**वीडियो में दिखा था हीरा**-जिस स्थान से हीरा चोरी की शिकायत हुई थी। उस स्थान पर 9 दिसंबर 24 को अधिकारियों ने निरीक्षण किया। जांच टीम ने शिकायतकर्ताओं व कमेटी सदस्यों के समक्ष पाया कि उक्त स्थान पर पूर्व में कोई चीज लगी हुई थी। जो वर्तमान में वहां से हटाने के दौरान बना निशान जैसा दिखा। तिकोना स्थान को गौर से देखने पर एक स्टार का टूटा हुआ ऊपरी हिस्सा दिखाई दिया। यहां तक 6 मार्च 2023 को हुसैन टेकरी का यू-ट्यूब पर अपलोड वीडियो में अंतिम बार मुबारक के गुंबद में स्टार व हीरा लगा हुआ दिखाई दिया। इसके बाद 7 अगस्त 24 को स्टार व उसमें लगा हीरा जरी मुबारक के गुंबद पर नहीं दिखा। इसके बाद पुलिस को शिकायत हुई थी।

**भोपाल तक पहुंचा था मामला**-हुसैन टेकरी से हीरा गायब होने का मामला मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड के चेयरमैन तक भी पहुंचा था। हुसैन टेकरी वक्फ के पूर्व पदाधिकारियों ने बोर्ड चेयरमैन को ज्ञापन के साथ हीरा चोरी संबंधी शिकायतें व कुछ दस्तावेज सौंपकर मामले में एफआईआर दर्ज करवाने की मांग की थी। पुलिस ने जो एफआईआर दर्ज की है वह भी 10 पेज की है। जावरा सीएसपी दुर्गेश आर्मो ने बताया प्रथमदृष्टया जांच में हीरा गायब होना पाया है। अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। अब जांच कुछ प्रमुख बिंदुओं पर की जाएगी।



## मानव सेवा में शीतल जल के लिए वाटर कूलर लगाया

रतलाम। मानव सेवा में शीतल जल के लिए वाटर कूलर का श्री गणेश मालवा क्षेत्र में विशेष तौर पर रतलाम शहर में भीषण गर्मी के प्रकोप के कारण शहर के मध्य मानव सेवा समिति कॉलेज रोड पर राठौर परिवार द्वारा स्व. भरत सिंह जी राम बक्श सिंह राठौर की पुलिस स्मृति में वाटर कूलर शीतल जल के लिए लगाया गया। जिससे मानव सेवा समिति पर आने वाले साथ में कॉलेज में आने वाले बच्चों सरकारी अस्पताल में मरीजों के परिजनों व जिला जेल में बंधको मिलने आने वाले परिवारों को इस शीतल जल का लाभ मिलेगा। मानव जीवन को सार्थक करने के लिए मनुष्य को ऐसे पुण्य कर करते रहना चाहिए ऐसी भीषण गर्मी में शीतल जल को उपलब्ध कराना ही निश्चित ही यह परिवार प्रशंसा का पात्र है यह बात वाघेला गौ सेवा जीव दया समिति प्रमुख दिनेश वाघेला ने कहीं मानव सेवा समिति अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल, सचिव विवेक बक्शी, कोषाध्यक्ष राजकुमार सुराणा, पूर्व अध्यक्ष मोहनलाल मुरली वाला, कार्यकारी सदस्य रविंद्र बक्शी, हेमंत मेहता ने शीतल जल में सहयोग करने वाले योगेश सिंह राठौर, दिनेश वाघेला,नरेंद्र सिंह राठौर, हिम्मत निगम, श्याम सुंदर उपाध्याय,अशोक तिवारी व अन्य सदस्यों का सम्मान फूल माला से किया गया। वाटर कूलर की पूजा अर्चना शुभ मुहूर्त में श्रीमती प्रेम कंवर राठौर, पूनम राठौर, श्यामा वाघेला, संध्या राठौर द्वारा पूजा कर शीतल जल का शुभारंभ किया गया। उक्त जानकारी दिनेश वाघेला ने दी।

# बिजली खंबे पर चढ़े लाइनमैन को करंट से मौत

रतलाम। पिपलौदा में करंट लगने से लाइनमैन की मौत हो गई। लाइनमैन आउटसोर्स कर्मचारी था, जो एक खेत में बिना सुरक्षा साधनों के 11केवी लाइन का फाल्ट ठीक करने के लिए बिजली खंबे पर चढ़ा था। फाल्ट ठीक करने के बाद जैसे वह नीचे उतरने लगा और उसे करंट लग गया। वह तारों पर चिपक गया और उसकी मौत हो गई।



मृतक कर्मचारी का नाम शांतिलाल (40) पिता रमेशचंद्र पोरवाल निवासी कमलाखेड़ा है। बताया जा रहा है कि पिपलौदा क्षेत्र में गोपाल धनगर के खेत में 11केवी बिजली लाइन के पोल पर फाल्ट ठीक करने यह चढ़ा था। फाल्ट ठीक करने के बात उतरने लगा तो चारों की चपेट में आ गया, जिससे करंट लगने से मौके पर ही मौत हो गई। यह भी जानकारी सामने आई कि लाइनमैन काफी अनुभवी था, वह फाल्ट ठीक करने अकेला गया था। घटना के बाद वहां मौजूद लोगों ने जैसे ही देखा तो हड़कंप मच गया। विद्युत सप्लाई बंद कर ग्रामीणों व बिजली कंपनी के कर्मचारियों ने उसे नीचे उतारा, हालांकि तब तक उसकी मौत हो गई। मौके पर पिपलौदा थाना पुलिस भी पहुंची। पंचनामा बनाकर शव को पीएम के लिए पिपलौदा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। दोपहर में पीएम कर शव परिजनों को सौंपा।

**बिजली चालू या बंद स्पष्ट नहीं हुआ**-अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि लाइनमैन बिजली सप्लाई बंद करवाकर खंबे पर चढ़ा या नहीं। हालांकि जानकार यह भी कह रहे है कि बिजली बंद करके ही खंबे पर चढ़ा जा सकता है। उतरते समय अचानक से विद्युत सप्लाई चालू होने से यह हादसा हुआ होगा। मामले की जांच पुलिस कर रही है।

**संबंधित बिजली कंपनी अधिकारी के नंबर बंद**-शांतिलाल शादीशुदा है। इसके दो बच्चे हैं। पिपलौदा क्षेत्र के बिजली कंपनी प्रभारी अधिकारी राहुल कुमार को उनके नंबर पर कॉल किया लेकिन बंद आया। जावरा बिजली कंपनी क्षेत्र के ईई एमएस दीक्षित ने बताया लाइनमैन अकेला गया था। घटना कैसे हुई इसकी जांच की जाएगी। संबंधित प्रभारी अधिकारी से इस बारे में जानकारी ली जा रही है। पिपलौदा थाना के एसआई सीताराम तेनीवार ने बताया अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि विद्युत सप्लाई चालू थी या बंद। जांच की जा रही है। मर्ग कायम किया है।

# सिविल सर्जन डॉ. सागर के कार्यकाल में जिला चिकित्सालय के नाम एक और उपलब्धि

## - एमबीबीएस के बाद मेडिकल कॉलेज की तर्ज पर अब जिला चिकित्सालय में नेत्र रोग विशेषज्ञ के डिप्लोमा करने की सुविधा उपलब्ध - डॉ. सागर द्वारा ग्लूकोमा सर्जरी शुरू करने के कारण 2 सीटे बढ़ी

**रतलाम। जिला चिकित्सालय रतलाम के लिए एक बड़ी खुशखबरी आई है। जिला चिकित्सालय रतलाम में अब मेडिकल का कोर्स एमबीबीएस के बाद नेत्र रोग विषय में पीजी डिप्लोमा कोर्स की पढ़ाई के लिए दो सीट स्वीकृत हुई है। नोडल अधिकारी डॉ. बी.एल. तापडिया ने बताया कि जिला चिकित्सालय में डीएनबीई अंतर्गत नेत्र रोग विषय में विशेषज्ञता हासिल करने के लिए डिप्लोमा कोर्स की सीट बढ़ाने के लिए दल द्वारा निरीक्षण किया गया था, किंतु निरीक्षण के दौरान जिला चिकित्सालय में नेत्र रोग की ग्लूकोमा सर्जरी सुविधा नहीं होने के कारण सीट बढ़ाने का प्रस्ताव निरस्त कर दिया गया था। जब यह बात सिविल सर्जन डॉ. एम.एस. सागर के संज्ञान में आई तो जिला चिकित्सालय में डॉ. सागर ने स्वयं ग्लूकोमा की सर्जरी करने की कमान अपने हाथ में ले ली और ग्लूकोमा जिसे काला पानी भी कहते हैं, के ऑपरेशन आरंभ कर दिए, इसके बाद निरीक्षण दल को पुनः बुलाया गया।**



जिला चिकित्सालय में पुनः निरीक्षण करने के उपरांत जिला चिकित्सालय में डीएनबीई कोर्स अंतर्गत नेत्र रोग विशेषज्ञ डिप्लोमा कोर्स करने की स्वीकृति दे दी गई यह पता लगाए ही पूरे अस्पताल में हर्ष की लहर दौड़ गई और लोग एक दूसरे को बधाई देने का तांता लग गया। जिला चिकित्सालय में निरंतर स्वास्थ्य और चिकित्सा सेवाओं में सुधार के कारण एमबीबीएस करने के उपरांत विशेषज्ञ आधारित डिप्लोमा कोर्स का संचालन किया जा रहा है। इस कोर्स के अंतर्गत डीएनबीई की दो सीट एनेस्थीसिया विभाग में उपलब्ध है। एनेस्थीसिया विभाग का अध्यापन कार्य एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डॉक्टर महेश मौर्य द्वारा किया जा रहा है। 2 सीट गायनेकोलॉजी अर्थात प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ विभाग में स्वीकृत है, इसमें अध्यापन का कार्य डॉ. ममता शर्मा प्रसूति एवं अन्य स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा किया जा रहा है। 2 सीट फैमिली मेडिसिन अंतर्गत स्वीकृत है, इसमें अध्यापन का कार्य डॉक्टर बी.एल. तापडिया द्वारा किया जाता है। अब नई स्वीकृति प्राप्त होने से दो सीट नेत्र रोग विभाग के अंतर्गत भी प्राप्त हो गई है । इस विभाग में अध्यापन का कार्य नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. एम.एस. सागर और डॉ. एस.एस. गुप्ता द्वारा किया जाएगा। इन दो सीटों में एक सीट गवर्नमेंट आफ इंडिया कोटा से तथा एक सीट स्टेट कोटा से स्वीकृत है। इसमें प्रवेश प्राप्त करने के लिए ऑल इंडिया नीट पीजी कोटा से चयनित अभ्यर्थी जिला चिकित्सालय में आकर अपना अध्ययन पूर्ण करते हैं। गैर शासकीय सेवक चिकित्सको के लिए शासकीय नियम अनुसार 1 लाख 25 हजार रुपए फीस निर्धारित है। जबकि शासकीय चिकित्सा अधिकारियों को फीस का भुगतान नहीं करना होता है।

कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य स्तरीय दल द्वारा अस्पताल का निरीक्षण कर समस्त स्वास्थ्य सुविधाओं अंतर्गत उपलब्ध संसाधन के आधार पर मार्किंग की जाती है तथा निर्धारित क्राइटेरिया पूर्ण करने पर कमेटी द्वारा उपलब्ध फैसिलिटी का पूर्ण मूल्यांकन कर सीट स्वीकृत की जाती है। डिप्लोमा कोर्स पूर्ण करने के उपरांत चिकित्सक विशेषज्ञ चिकित्सक के रूप में मान्यता प्राप्त कर लेते हैं । इस दिशा में रतलाम जिले के लिए यह अत्यधिक गौरव पूर्ण उपलब्धि है। इस उपलब्धि के लिए सिविल सर्जन डॉ. सागर ने जिला चिकित्सालय के डॉ. बी.एल. तापडिया सहित सभी चिकित्सकों और नर्सिंग ऑफिसर और स्टाफ को यह कहते हुए शुभकामनाएं दी है कि आप सभी लोगों के नियमित अच्छा कार्य करने से ही रतलाम को यह उपलब्धि हासिल हुई है।

Scanned with OKEN Scanner

## किसान महापंचायत में संदीप रघुवंशी का सम्मान, पीथमपुर के सामाजिक मुद्दे उठाने पर मिला सशस्त्र पत्र




**पीथमपुर।** इंदौर में आयोजित किसान महापंचायत में पीथमपुर क्षेत्र के सामाजिक सरोकारों को निरंतर मंचों पर उठाने वाले रक्षा मंच के सक्रिय सदस्य संदीप रघुवंशी को ससम्मान सशस्त्र पत्र प्रदान किया गया। यह सम्मान उन्हें पीथमपुर क्षेत्र की जनसमस्याओं को बेबाकी से उठाने और जनहित में आवाज बुलंद करने के लिए दिया गया। रघुवंशी लंबे समय से पीथमपुर के जल संकट, ट्रैफिक व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाओं, व औद्योगिक क्षेत्र की समस्याओं को लेकर सक्रिय रहे हैं। संदीप रघुवंशी ने कहा यह सम्मान सिर्फ मेरा नहीं, उन सभी जागरूक नागरिकों का है जो अपने क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।+

## चेतना अटल युवा मंडल की नवीन कार्यकारिणी का गठन

**इंदौर।** चेतना अटल युवा मंडल की नवीन कार्यकारिणी का गठन मंडल की एक महत्वपूर्ण बैठक में सर्वसहमति से संपन्न हुआ। इस बैठक में संगठन के प्रमुख पदों पर नियुक्तियां की गईं और सभी पदाधिकारियों को समाज के हित में कार्य करने की जिम्मेदारी सौंपी गई। नवीन कार्यकारिणी में संरक्षक के रूप में विजय यादव, अध्यक्ष के रूप में नरेंद्र शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य एवं संयोजक - प्रभारी संगठन के रूप में अभिषेक पंवार, उपाध्यक्ष के रूप में रवीना बरुआ, सचिव के रूप में अजय परमार, कोषाध्यक्ष के रूप में विजय बिरला और संयुक्त सचिव के रूप में चैतन्य जामनेकर को नियुक्त किया गया है। दृष्टिकोण और मिशन - चेतन अटल युवा मंडल अगले पांच वर्षों में अपने कार्यक्षेत्र का राष्ट्रव्यापी विस्तार करने की परिकल्पना करता है। संगठन का मुख्य उद्देश्य युवाओं को सशक्त बनाना है, विशेष रूप से उन बेरोजगार युवाओं को जो प्रतिभा के बावजूद मार्गदर्शन और सहायता से वंचित हैं। संगठन युवाओं को करियर विकास, प्रशिक्षण कार्यक्रमों और स्व-रोजगार के अवसर प्रदान करने पर केंद्रित है।

## हनुमान जयंती पर श्रद्धा और शक्ति का संगम

**पीथमपुर।** संकटमोचन हनुमान जी का जन्मोत्सव आज शनिवार को पीथमपुर नगर में हर्षोल्लास और भक्ति भाव के साथ मनाया जाएगा। नगर के विभिन्न मंदिरों में विशेष पूजन, सुंदरकांड पाठ, भंडारे और भव्य झांकियों की तैयारियाँ पूर्ण हो चुकी हैं। श्रद्धालुओं में इस पर्व को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

नगर के प्रमुख हनुमान मंदिर जैसे बालाजी मंदिर, संजय जलाशय स्थित बजरंगबली मंदिर, हाउसिंग बोर्ड के हनुमान मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना के साथ अखंड रामायण और सुंदरकांड पाठ की योजना बनाई गई है। कुछ इलाकों में हनुमान जयंती पर भव्य शोभायात्रा निकालने की तैयारी है जिसमें हनुमान जी की झांकी, ढोल-नगाड़े, डीजे और युवाओं की टोली भगवान के जयकारों के साथ नगर भ्रमण करेगी। यात्रा के दौरान कई स्थानों पर फल, शरबत और प्रसादी वितरण की व्यवस्था भी की जा रही है।

## मप्र टोबैको फ्री अलायंस का गठन, डा. आचार्य बने संयोजक

**इन्दौर।** प्रदेश में तंबाकू नियंत्रण गतिविधियों को सशक्त बनाना, युवाओं को तंबाकू सेवन के दुष्परिणामों से बचाना और कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सहयोग करने के उद्देश्य से तंबाकू नियंत्रण के क्षेत्र में कार्यरत संगठनों द्वारा इंदौर में आयोजित बैठक में मप्र टोबैको फ्री अलायंस का गठन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से आईएमए कैंसर एवं तंबाकू नियंत्रण कमेटी के राष्ट्रीय चेयरमेन डा. दिलीप कुमार आचार्य को अलायंस का संयोजक बनाया है। वहीं डा. दिव्या मेनन को सह-संयोजक नामित किया गया। अलायंस बैठक में तंबाकू नियंत्रण की वर्तमान स्थिति और संभावनाओं पर भी चर्चा हुई। इसके अंतर्गत जन-जागरूकता को बढ़ावा देना, तंबाकू की व्यापक समस्या को एक सामाजिक आपदा के रूप में प्रस्तुत करना तथा समय-समय पर शासन व प्रशासन को इसके दुष्परिणामों से अवगत कराना शामिल है।



## गंगा-जमना तेहजीब शहर की पहचान एडव्होकेट फ्रेंड्स ग्रुप का ईद मिलन

**इन्दौर।** एडव्होकेट फ्रेंड्स ग्रुप के ईद मिलन समारोह को संबोधित करते हुए महापौर पुष्पमित्र भार्गव ने कहा कि इन्दौर शहर गंगा-जमना तेहजीब की पहचान है। फ्रेंड्स ग्रुप के एडव्होकेट रियाज शेख वसीम खान और अनीस एहमद कुरैशी ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी इन्दौर के अभिभाषकों के द्वारा होली मिलन समारोह और ईद मिलन समारोह प्रत्येक वर्ष आयोजित किया जाता रहा है। कार्यक्रम को वरिष्ठ अधिवक्ता मनोज द्विवेदी, गिरीश पटवर्धन, शेख अलीम, सुरेन्द्र कुमार वर्मा, रितेश ईनानी, अजय बागडिया आदि ने संबोधित किया। स्वागत भाषण अधिवक्ता आसिफ वारसी और मोईन खान ने किया। साजिद खान ने ग्रुप की गतिविधियों से अवगत् कराया । आभार एडव्होकेट शाहरूख खान ने माना।

## जोरदार ठहाकों भरा विश्व हास्य दिवस मनेगा 4 मई को.....

**इन्दौर।** विश्व हास्य योग महासंघ के तत्वावधान में जोरदार ठहाकों भरा विश्व हास्य दिवस आगामी 4 मई रविवार को साकेत हास्य-योग क्लब द्वारा साकेत गार्डन में धूमधाम से मनाया जाएगा। महासंघ अध्यक्ष कैलाश चंद्र खण्डेलवाल ने बताया कि यह निर्णय आज संरक्षक डॉ. डीके तनेजा के निवास पर हुई बैठक में साकेत हास्य क्लब के अध्यक्ष मदन लाल बम व सचिव कमलेश मारु के आमंत्रण व सहमति से लिया गया। बैठक में हास्य-योग आंदोलन की प्रगति एवं भावी कार्य योजना के सम्बंध में चर्चा व निर्णय लिए गए। दिलीप जैन को महासंघ उपाध्यक्ष तथा रमेश मौर्य को महामंत्री मनोनीत किया गया। सभी ने दोनों नवनियुक्त पदाधिकारियों को माला पहनाकर बधाइयाँ दी। डॉ तनेजा व संस्थापक अध्यक्ष ओम प्रकाश गुप्ता व पूर्व अध्यक्ष बलराज सबलोक का स्वागत किया। उज्वल स्वामी, राधाकिशन भैय्या, घनश्याम मित्तल, आरडी गुप्ता, राजेन्द्र गर्ग आदि ने शिरकत करी। सभी ने हास्य-योग की अमृत विधा को चहुँ ओर फैलाने हेतु नगर में और अधिक क्लब्स खोलने का संकल्प लिया। संचालन ओपी गुप्ता ने तथा आभार कैलाश खण्डेलवाल ने व्यक्त किया।

### तपने लगी छत और दीवारें, स्कूलों का समय बदला, सड़कों पर पसरा सन्नाटा और झुलसाती रही धूप की तेज तपन

# गर्मी ने दिखाए तेवर, 2 दिन में जिले का अधिकतम तापमान 40 डिग्री से ऊपर पहुंचा

**पीथमपुर।** जिले में गर्मी ने अप्रेल माह के पहले ही सप्ताह में अपने तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। सूरज की तेज किरणों ने लोगों को छांव में रूकने के लिए मजबूर कर दिया। पिछले दो दिन में जिले का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर तक पहुंच गया। गर्मी के कारण लोग बेहाल हो गए तो वहीं पशु-पक्षियों की भी परेशानी बढ़ गई है। इधर कलेक्टर प्रियंक मिश्र ने स्कूल का समय बदलते हुए सुबह 8 बजे से 12 तक स्कूल लगाने के निर्देश दिए है। हालांकि उनके लेट निर्णय के कारण बच्चों को काफी परेशानी उठानी पड़ी।

### 60 दिन पहले जितना था दिन का तापमान, अब उससे ज्यादा रात का पारा




शुक्रवार दोपहर शहर के बायपास पर सन्नाटा पसरा रहा। तेज धूप और गर्मी से लोग बेहाल नजर आए। तेज सूर्य की किरणों ने लोगों को परेशान कर दिया। वहीं धूप में निकले लोग अपने आप को कपड़ों से ढंककर निकले। शहर में दोपहर 2 बजे असहनीय गर्मी महसूस की गई। जहां इंसान तो दूर पशु-पक्षी भी गर्मी से व्याकुल नजर आए। ऐसे में लोग सड़क किनारे छांव में खड़े होने जगह तलाशते देखे गए।

### हीट स्ट्रोक से बचने चिकित्सकों की सलाह

जिला अस्पताल के डाक्टर खांडे ने बताया कि गर्मी का मौसम शुरू हो गया है। तेज गर्मी में लोगों को अपने खान-पान पर विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता है। उन्होंने बाहर के खाने-पीने से बचने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि भीषण गर्मी में लोग ज्यादा से ज्यादा तरल पदार्थ पिएं। खाने में फल और ज्यादा से ज्यादा पानी पिएं, क्योंकि गर्मी के मौसम में हीट स्ट्रोक लू का खतरा बना रहता है और इस समय उल्टी दस्त की शिकायत भी हो जाती है। जिला अस्पताल में भी गर्मियों में उल्टी दस्त के मरीज ज्यादा आते हैं। इसीलिए तेज धूप में निकलने से पहले अपने हाथ-पैरों पर सनस्क्रीन लगाएं और अपने नाक और मुंह को कपड़े से ढककर निकलें। बुधवार को तेज गर्मी ने अपने तेवर दिखाए तो लोग अपने घरों में बिना कूलर, पंखे के घरों में नहीं रह सके, तो वहीं तेज धूप से मकानों की छत और दीवारों की तपन से भी लोग परेशान दिखे। शहर के बायपास सहित अन्य मार्गों पर जहां दो पहिया व पैदल लोगों की भीड़ रहती थी, वहां दोपहर में इक्का दुक्का लोग ही नजर आए और सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा।

# 14 से शादी-ब्याह की धूम, गूंजेगी शहनाई बाजार में कपड़ों-ज्वेलरी की खरीदारी बढ़ी

**पीथमपुर।** दो दिन बाद से फिर शहनाई की गूंज सुनाई देगी। 14 मार्च से शुरू खरमास 13 अप्रैल तक रहेगा। इसके बाद मांगलिक कार्यों का श्रीगणेश हो जाएगा। शुभ मुहूर्त के मद्देनजर न केवल बाजार तैयार है, बल्कि लोगों ने खरीदारी भी शुरू कर दी है। उपहार के रूप में भेंट देने के लिए ज्वेलरी से लेकर कपड़ों और इलेक्ट्रॉनिक सहित अन्य सामानों की खूब खरीदारी हो रही है।



ज्योतिषों के मुताबिक, अप्रैल में विवाह के लिए 9 शुभ मुहूर्त हैं। इसके बाद मई में सबसे अधिक 15 मुहूर्त हैं। जबकि जून में शुरुआत के केवल 8 दिन में 4 शुभ मुहूर्त है। इसके बाद विवाह का मुहूर्त फिर नवंबर व दिसंबर में आएगा। बाजार में दुकानदारों ने ज्वेलरी से लेकर कपड़ा, इलेक्ट्रॉनिक, इलेक्ट्रिकल, बर्तन, सौंदर्य प्रसाधन सहित अन्य स्टॉक मेंटेन कर लिया है।

### बाजार में आकर्षक ज्वेलरी की रेंज

सराफा कारोबारियों के मुताबिक शादी के सीजन में पहले जैसा तो नहीं, लेकिन संतोषजनक व्यवसाय की उम्मीद है। तेजी के बावजूद लोग सोने की ज्वेलरी खरीद रहे हैं। ग्राहकों के लिए दुकानों पर नई रेंज मंगवाई गई है। कपड़ा व्यवसाय से जुड़े लोगों का कहना है कि इस सीजन में बच्चों और महिलाओं पर ज्यादा फोकस है। महिलाएं सबसे ज्यादा साड़ी व लहंगा पसंद कर रही हैं। इस सीजन में वह अच्छा व्यापार होने की उम्मीद कर रहे हैं।

### शादियों में अब खानपान बदला

केटरर्स का कारोबार करने वाले लोगो ने कहा कि डेकोरेशन से लेकर खानपान तक में कई बदलाव आए हैं। खाना तैयार करने के लिए बाहर से कारीगर बुलाए जा रहे हैं। वजह स्थानीय डिश के अलावा चाइनीज फूड के साथ पंजाबी डिश की डिमांड आ रही है। इसी के साथ फूलों के डेकोरेशन वाले भी व्यस्त होने वाले हैं। इसी प्रकार बर्तन बाजार में भी दुकानों पर अब खरीदार शादी के लिए पहुंचने लगे हैं। व्यवसायियों ने बताया कि हालांकि इस बार अभी बाजार धीमा है, एक-दो दिन में इसमें उछाल आने की पूरी उम्मीद है।

**शादियों के मुहूर्त**

**अप्रेल** - 14, 16, 18, 19, 20, 21, 25, 29, 30
**मई** - 1, 5, 6, 8, 10, 14, 15, 16, 17, 18, 22, 23, 24, 27, 28
**जून** - 2, 4, 5, 7, 8
**नवंबर** - 2, 3, 6, 8, 12, 13, 16, 17, 18, 21, 22, 23, 25, 30
**दिसंबर** - 4, 5, 6

## सड़क दुर्घटना क्लेम केस, मृतक के आश्रितों को 1.14 करोड़ मुआवजा आदेश

**इन्दौर।** सड़क दुर्घटना में हुई मौत के बाद क्षतिपूर्ति मामले में सुनवाई करते जिला कोर्ट ने इंश्योरेंस कंपनी को 1.14 करोड़ रुपए मुआवजा पीड़ित पक्ष को भुगतान के आदेश दिये है। घटना 17 जनवरी 2023 की रात 8 बजे इंदौर-खंडवा रोड, बलवाड़ा के पास की है और सड़क दुर्घटना में मृतक का नाम गणेश सोलंकी है वह अपने मामा के यहां आयोजित शादी में शामिल होने के लिए बाइक पर सवार होकर महू गांलव जा रहा था। तभी सामने से आ रहा एक तेज रफ्तार ट्रक उसे जोरदार टक्कर मारते निकल गया। टक्कर के बाद ट्रक के पिछले पहिए की चपेट में आये गणेश की मौके पर ही मौत हो गई। वह पीथमपुर स्थित एक कंपनी में सीनियर ऑपरेटर के पद पर कार्यरत था तथा उसकी सैलरी 48 हजार रुपए प्रति माह थी। उसके परिवार में पत्नी आरती, बेटी तनुजा उम्र आठ साल, बेटा निर्मल उम्र छ साल, मां आशा और पिता रूपसिंह थे और ये सभी पूर्णरूपेण उसी पर निर्भर थे। गणेश की मृत्यु के बाद आश्रित परिवारजनों ने अपने वकील के माध्यम से 7 फरवरी 2023 को जिला कोर्ट में याचिका दायर करते ट्रक ड्राइवर मोहम्मद फारुख ताहिर, निवासी अकोला और द ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी से 2 करोड़ रुपए का क्लेम दिलाने की मांग की। याचिका सुनवाई दौरान याचिकाकर्ताओं की और से वकील गोविंद आर. मीणा ने पैरवी करते सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के कई न्याय दृष्टांतों का हवाला दिया। उन्होंने तर्क दिया कि दुर्घटना का सबसे महत्वपूर्ण साक्ष्य वह वाहन चालक होता है जो दुर्घटना में शामिल होता है। इस केस में ट्रक ड्राइवर की लापरवाही साबित हुई, लेकिन उसका परीक्षण ही नहीं कराया गया, जिससे उसके विरुद्ध प्रतिकूल अनुमान निकाला जा सकता है। वहीं मामले में दुर्घटना के प्रत्यक्षदर्शी दुकानदार ने बताया कि कर्मचारी ट्रक ड्राइवर की लापरवाही के कारण ट्रक के पिछले पहिए की चपेट में आ गया था। उसने यह घटना अपनी आंखों से देखी थी। हालांकि प्रत्यक्षदर्शी के बयान पर इंश्योरेंस कंपनी के वकील ने आपत्ति ली जिसे कोर्ट ने खारिज करते इंश्योरेंस कंपनी को मृतक गणेश के परिजनों को ब्याज समेत कुल 1.14 करोड़ रुपए देने का आदेश दिया।

## महावीर जयंती पर वरिष्ठजनों का किया सम्मान




**इंदौर।** श्री दिगंबर जैन आदिनाथ जिनालय छत्रपति नगर में वर्तमान शासन नायक भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक के उपलक्ष में जिनालय से भगवान महावीर स्वामी की प्रतिमा को रजत विमान वेदी में विराजित कर बैंड बाजे के साथ शोभा यात्रा के रूप में छत्रपति नगर से गौरव नगर, महावीर बाग एवं अग्रसेन नगर होते हुए वापस जिनालय तक बिहार कराया गया, शोभायात्रा में महिलाएं मंगल गीत गाते हुए और पुरुष भगवान महावीर स्वामी का जयकारा लगाते हुए पैदल चल रहे थे मार्ग में जगह-जगह श्रीजी की मंगल आरती उतारी गई। शोभा यात्रा के वापस जिनालय पहुंचने पर श्रीजी का स्वर्ण रजत कलशों से अभिषेक हुआ। धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी श्री अनिल जैनको एवं धर्मेंद्र सिनकेम के मुख्य आतिथ्य में

75 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके समाज के 11 वरिष्ठ अमृत पुरुषों सर्वश्री प्रकाशचंदजैन , कैलाश जैन नेताजी माणिकचंद नायक, ब्रह्मचारी उत्तम चंदजी, डॉ वी सी जैन, इंजीनियर डी एल जैन , रमेश चंद जैन , जय कुमार जैन, हीरालाल शाह और सुरेश जैन पड़ोसी का प्रशस्ति पत्र के साथ शाल, श्रीफल,पगड़ी एवं मोतियों की माला पहनाकर सम्मान किया गया। समारोह में सम्मानित व्यक्तियों के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाशित एवं ट्रस्ट के कार्याध्यक्ष डॉ जैनेंद्र जैन द्वारा संपादित एक लघु पुस्तिका भी वितरित की गई।

## 100 गांव का गेहूं खरीदने वाला बरलाई साइलो केंद्र बंद हुआ

### हजारों ट्रैक्टर 3 दिन से फंसे :42 डिग्री गर्मी में किसान अपने घरों पर गेहूं के ट्रैक्टर लेकर रवाना



**इन्दौर।** किसान नेता हंसराज मंडलोई ने अपनी प्रेस विज्ञप तैयारी करके कहा कि सांवेर विधानसभा क्षेत्र के विधायक तुलसी सिलावट प्रदेश सरकार में मंत्री होने के बावजूद अपने क्षेत्र के किसानों का गेहूं तुलवाने में असमर्थ है जिसके परिणाम स्वरूप आज बरलाई साइलो केंद्र बंद हो गया जिसके कारण शिप्रा मांगलिया क्षेत्र के सेकंडों गांव के हजारों ट्रैक्टर 42 डिग्री गर्मी में अपने घरों पर जाने के लिए मजबूर हो गए।

हंसराज मंडलोई ने आगे बताया कि मेरे द्वारा कई दिनों से मांग की जा रही थी कि हमारे क्षेत्र के किसानों के साथ भेदभाव हो रहा है गेहूं के स्लाड काम बुक किया जा रहे हैं जिसके कारण किसान परेशान हो रहे हैं बरलाई के जी खरीदी केंद्र पर 100 गांव के गेहूं तुलते थे आज वह भी बंद हो गया एवं चार दिन से किसान भूखे प्यासे इंतजार कर रहे थे परंतु आज फाइलों प्रबंधक ने गेहूं तुलवाने में हाथ खड़े कर दिए किसान नेता हंसराज मंडलोई ने मांग की है कि विधायक सिलावट अपनी कमजोरी स्वीकारते हुए तत्काल मंत्री पद से इस्तीफा दे एवं किसानों को उनका वहां किराया देकर अति फिक्र शीघ्र गेहूं तुलवाने की व्यवस्था करें अन्यथा किसान बड़ा आंदोलन करने को मजबूर हो जाएगा।

# ग्रामीण क्षेत्र में निजी भूमि से पेड़ काटने की अब ऑनलाइन मिलेगी अनुमति



### सरपंच से छीना गया पेड़ काटने की अनुमति देने का अधिकार

**भोपाल (ई)।** मध्य प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में निजी भूमि पर पेड़ काटने की अनुमति अब आनलाइन दी जाएगी। अभी तक सरपंच को इसके अधिकार थे। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने सरपंचों के इस अधिकार को वापस लेकर स्थगित कर अनुमति की प्रक्रिया ऑनलाइन कर दी है। पंचायतराज संचालक छोटे सिंह ने सभी जिला कलेक्टरों को परिपत्र भेजकर कहा है कि अब ग्रामीणों की निजी भूमि पर पेड़ों की कटाई की अनुज्ञा संबंधी प्रक्रिया पंचायत दर्पण पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन की जाएगी।

वर्तमान अप्रैल माह से किसी भी प्रकार का सरपंच द्वारा जारी किया गया ऑफलाइन अनुज्ञा पत्र मान्य नहीं होगा। आवेदन पत्र की प्रविष्टि एवं स्वीकृति की प्रक्रिया से पंचायत के पदाधिकारियों, सचिव, पटवारी, राजस्व निरीक्षक, ग्राम रोजगार सहायक, उपयंत्री एवं अन्य मैदानी कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा और इस कार्य की प्रभावी निगरानी की जाएगी। 13 जनवरी 2023 में इसके लिए पटवारी की रिपोर्ट पर ग्राम पंचायत को अधिकृत किया गया था। बता दें कि इससे पहले ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीणों की निजी भूमि पर पेड़ कटाई की अनुमति देने का अधिकार ग्राम पंचायत के सरपंच को दिया गया था। राजस्व विभाग के राजपत्र के अनुसार, ग्रामीण क्षेत्र में पेड़ों को काटे जाने के लिए पटवारी की रिपोर्ट पर ग्राम पंचायत को अधिकृत किया गया था।

Scanned with OKEN Scanner



महेश कुमार केशरी
C/O -मेघदूत मार्केट फुसरो
बोकारो झारखंड पिन 829144

राग दरबार

# जी. एस. टी. के दायरे में रहकर जेब काटिये

अप्रैल का महीना आया नहीं कि हम बच्चों के स्कूलों के नखरे उठाने लगते हैं। हम ड्रेस से लेकर बेल्ट तक। और जूते से लेकर किताब की जिल्द तक के लिए भागने लगते हैं। सबसे ज्यादा मुस्कुराहट किताब माफियाओं के चेहरे पर दिखाई देती है। बकरा ( अभिभावक ) आया है। तो काटेगा ही। .कटेगा तो बटेगा ही। सब प्राईवेट स्कूलों का हाल एक ही तरह का है। एक सा। सब कुछ स्कूल और पुस्तक माफिया को ही बेचना है। और खरीदेगा कौन ? खरीदेगा अभिभावक। खरीदेगा नहीं तो जायेगा कहाँ ? स्कूल सीधे - सीधे हत्या का दोषी अपने आपको कहलाने से रोकता है। वो बीच में एक काटने वाले कटर को रखता है। जो बहुत शर्प है। जिस पुस्तक की लागत सौ रूपये की आती है।

उस पर वो छ- सौ की एम. आर . पी. डलवाता है। एक सौ रूपये की किताब पर छ- सौ की एम . आर . पी. लगा दी जाती है। या किताब माफिया अपने मन से अपने मार्का की किताब स्कूलों में बेचता है। पहले वो अपने मार्का का एक रजिस्ट्रेशन करवा लेता है। जिस पर किसी प्रकाशक को उसकी ही किताब पर थोड़ा बहुत इधर -उधर हेरे -फेर करके ( एक दो चैप्टर घटा बढ़ा कर ) अपनी मनमाफिक किताब बनावाता है। फिर उस पर अपनी मनचाही एम . आर . पी. डलवाता है। चालीस प्रतिशत से लेकर साठ प्रतिशत तक का कमीशन स्कूल को जाता है। सब लोगों के पौ बारह हैं। एक प्राईवेट स्कूल दस प्रतिशत से लेकर पंद्रेह - बीस प्रतिशत का इजाफा अपने वार्षिक शुल्क में करता है। टाई से लेकर बेल्ट तक में चालीस से लेकर पचास प्रतिशत तक कमीशन खोरी का धँधा अप्रैल में किताब माफिया से लेकर कपड़ा माफिया तक करते है। हाल के अखबार में मेरी नजर एक खबर पर गई थी। कि एक किताब माफिया की कमाई एक मंत्री के एक महीने की कमाई जितनी होती है। उसके बराबर की कमाई किताब माफिया करता है।

एक मंत्री जितना एक महीने में कमाता है। उससे थोड़ा ही कम कमाई एक किताब माफिया एक महीने में करता है। एक बार की बात है। कि जब एक थाने के एक एस . एच . ओ. को जब ये बात पता चली थी। कि एक किताब माफिया ने दो करोड़ रूपये एक महीने में कमाये हैं। और वो भी अपनी दुकान में केवल कोर्स की किताबों को बेचकर के ही । तो एस. एच. ओ. साहब ने अपने साले को जो एक प्रतिष्ठित प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रहा था। उसको प्राईवेट स्कूल की किताबों का प्रकाशक बनने की सलाह दे डाली थी। और सचमुच में उसका साला आज के डेट में जितना अधिकारी बनकर नहीं कमाता। उससे ज्यादा प्रकाशक बनकर कमा रहा है। इसी तरह शहर के पॉकेटमार, चोर चुहाड़, उठिईगिर और जो पहले अपहरण का कारोबार करते थे। उनकी एक आपात बैठक मंत्री जी ने बुलाई। और लॉ- एंड - ऑर्डर को ठीक करने की तरकीब बताई । जिससे साँप भी मर जाये और लाठी भी ना टूटे। जिनके कारण शहर में दिन-दहाड़े डाके पड़ते थे। उसके उन्मूलन के लिए राज्य के कानून मंत्री ने एस.एच.ओ. के साले से प्रेरणा लेकर उनको शहर में बने शॉपिंग सेंटर में बने नये - नये दुकानों को खोलकर चलाने का आदेश दे दिया था। जिससे शहर में क्राइम का ग्राफ गिरे और आम शहरी का जीवण ठीक- ठाक से चले। लेकिन दुकान आवंटन करने से पहले कानून मंत्री जी और वित्त मंत्री जी का ये सख्त निर्देश था । कि आप लोगों ने बहुत दिनों तक चोरी - डकैती, उठाईगिर का काम किया है। अब आपका प्रमोशन पुस्तक विक्रेता के पद पर कर दिया गया है।

आप कानून और जी. एस. टी. के दायरे में रहकर लोगों की जेब कानूनी तरीके से काटिये। और हमारे लिये हर पाँच साल में जो लोकसभा और विधानसभा का जो चुनाव आता है। उसमें डोनेट कीजिए। इस तरह क्राइम का ग्राफ भी कम हो जायेगा और राजकोष में उतरोत्तर बढ़ोत्तरी भी होगी। क्राइम पूरी तरह खत्म हो जायेगा और इस तरह हमारा राज्य क्राइम फ्री स्टेट का दर्जा भी पा लेगा। उठाईगिरों में आजकल पुस्तक-विक्रेता बनने की होड़ सी लगी है।

## जल्द मप्र का दौरा करेंगे राहुल गांधी

### महाकाल की नगरी में खास लोगों से करेंगे मुलाकात

इंदौर। अहमदाबाद में आयोजित कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन में उज्जैन के किसानों की जमीन अधिग्रहण (लैंड पुलिंग) का मुद्दा जोरशोर से उठाया गया। 9 अप्रैल से शुरू हुए दो दिवसीय अधिवेशन में तराना विधायक महेश परमार और महिदपुर विधायक दिनेश जैन बोस ने सिंहस्थ 2028 की तैयारियों के नाम पर किसानों से जमीन लिए जाने की शिकायत को राष्ट्रीय मंच पर रखा।

तराना विधायक महेश परमार ने बताया कि, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इस मामले को गंभीरता से सुना और किसानों के हित में जरूरी कदम उठाने का भरोसा दिलाया। उन्होंने यहां तक कहा कि यदि स्थिति गंभीर रही, तो वे स्वयं उज्जैन आकर किसानों से मुलाकात करेंगे।

महेश परमार ने जानकारी दी कि अधिवेशन में प्रदेश सरकार पर आरोप लगाया गया कि भाजपा सिंहस्थ के बहाने किसानों की उपजाऊ जमीनें छीनने का प्रयास कर रही है। इस बीच, उज्जैन कांग्रेस लगातार किसानों के समर्थन में जनजागरूकता अभियान चला रही है। गांव-गांव में प्रभात फेरियां, नुक्कड़ सभाएं और जनसंपर्क गतिविधियां दोबारा तेज कर दी गई हैं।

### जल्द उज्जैन आ सकते हैं राहुल गांधी

कांग्रेस नेताओं का कहना है कि यदि सरकार की नीतियों में बदलाव नहीं हुआ, तो राहुल गांधी का उज्जैन दौरा तय है। वे यहां आकर किसानों से सीधा संवाद करेंगे। बता दें कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी अपनी न्याय यात्रा को लेकर 5 मार्च 2024 को उज्जैन आए थे। राहुल ने सबसे पहले महाकाल मंदिर में दर्शन किए थे और इसके बाद शहर में रोड शो शुरू किया था। जो मुख्य मार्ग से होता हुआ देवास गेट पर पहुंचा कर जहां उन्होंने सभा को संबोधित किया था।

## संगठन को मजबूत करने और वोट बैंक बढ़ाने का कांग्रेस फॉर्मूला

### जिलों की कमान दलित, आदिवासी, ओबीसी को देगी कांग्रेस

इंदौर। देश और प्रदेश में लगातार मिल रही हार से सबक लेते हुए कांग्रेस आलाकमान पार्टी ने संगठन को मजबूत करने और वोट बैंक बढ़ाने लिए फॉमूला बनाया है। इसके तहत प्रदेशों में दलित, आदिवासी, ओबीसी और अल्पसंख्यकों को बड़ी जिम्मेदारी दी जाएगी। इस फॉर्मूले का मप्र में सबसे पहले अमल होगा। सूत्रों का कहना है कि मप्र में कांग्रेस जिलों की कमान दलित, आदिवासी, ओबीसी वर्ग के पदाधिकारियों को देगी। सूत्रों की माने तो मप्र के आदिवासी बहुल जिलों में जिला अध्यक्षों की नियुक्ति के लिए अलग फॉर्मूला अपनाया जा सकता है। अलीराजपुर, झाबुआ, बड़वानी जैसे जिलों में जहां सभी विधानसभा सीटें आदिवासी वर्ग के लिए आरक्षित हैं, वहां सामान्य और ओबीसी वर्ग के नेताओं को कमान देकर राजनीतिक संतुलन बनाया जा सकता है।



गौरतलब है कि अहमदाबाद में हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने कहा कि हमने और राहुल जी ने एक प्रोसेस किया। ग्राउंड लेवल से इनपुट लिया। हम भविष्य में किसी भी इलेक्शन के कैंडिडेट सिलेक्शन की प्रोसेस में जिलाध्यक्षों को इन्वॉल्व करने की तैयारी में हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि अब कांग्रेस में जिलाध्यक्षों का पॉवर बढ़ेगा। इसको देखते हुए अब जिलाध्यक्षों की नियुक्ति काफी सजगता और सतर्कता से होगी। कांग्रेस के 72 संगठनात्मक जिलों में से 6 जिलों में अध्यक्षों के पद खाली पड़े हैं। इनमें कटनी, रायसेन, रतलाम ग्रामीण, बैतूल शहर, खंडवा शहर, खंडवा ग्रामीण शामिल हैं। बैतूल में पिछले साल ही शहर और ग्रामीण को अलग किया गया था। रायसेन में तो डेढ़ साल से जिला अध्यक्ष का पद रिक्त है।

### राहुल गांधी दे चुके हैं संकेत

7 अप्रैल को पटना में पलायन रोको-रोजगार दो रैली में राहुल गांधी के बयान ने संगठन को नई दिशा में ले जाने का संकेत दिया है। राहुल के इस भाषण से मप्र में कांग्रेस संगठन में होने वाली नियुक्तियों को लेकर कयास लगाए जाने लगे हैं। राहुल ने कहा कि पहले बिहार में हमारे जिला अध्यक्षों की लिस्ट में दो तिहाई अपर कास्ट के लोग थे। अब जिला अध्यक्षों की नई लिस्ट में दो तिहाई ईबीसी, ओबीसी, दलित, माइनॉरिटी के हैं। उनके इस बयान से साफ है कि मप्र में कांग्रेस जिला अध्यक्षों की नियुक्ति में दलित, आदिवासी, ओबीसी, महिलाओं और अल्पसंख्यक वर्गों के नेताओं को मौका दिया जाएगा। मप्र में कांग्रेस के 72 संगठनात्मक जिलों में से 34 जिला अध्यक्ष सामान्य वर्ग से हैं। जबकि 6 पद रिक्त हैं।

### पावर फुल होंगे जिलाध्यक्ष

पार्टी संगठन के भीतर हुए मंथन के बाद तय हुआ कि विधायक या विधानसभा चुनाव लडने वाले नेताओं की पसंद के कार्यकर्ता को पद देने के बजाय संगठन में जिला अध्यक्ष की पसंद से नियुक्तियां हों। ऐसे में यदि विधायक या हारे हुए कैंडिडेट पार्टी छोड़ देते हैं तो भी विचारधारा से जुड़े पदाधिकारी और कार्यकर्ता पार्टी छोडकर नहीं जाएं। गौरतलब है कि मार्च 2020 में ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ कांग्रेस विधायकों के भाजपा में शामिल होने के बाद हुए उपचुनावों में कांग्रेस को डेढ़ दर्जन सीटों पर हार का सामना करना पड़ा था। इसकी वजह ये थी कि विधायकों के साथ कांग्रेस के जिला, ब्लॉक और बूथ स्तर तक के कार्यकर्ता बीजेपी में शामिल हो गए थे। उसके बाद लगातार हुए दलबदल के बाद कांग्रेस का संगठन कमजोर होता चला गया।

## मध्य प्रदेश में एक्टिव मोड में दिखेगी कांग्रेस

### तेज होंगे आंदोलन, जनता के बीच दिखेंगे कांग्रेसी

इंदौर। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अधिवेशन में पार्टी ने संगठन को मजबूत करने के लिए अंदरूनी तौर पर बड़े स्तर के बदलाव के संकेत दे दिए हैं। जिसमें संगठन में उन्हीं नेताओं को जगह मिलेगी, जो सक्रिय रहेंगे। यानी घर बैठे नेताओं को संगठन के दायित्वों से मुक्त किया जा सकता है।

ऐसे में अब विधानसभा और लोकसभा चुनाव के बाद से निष्क्रिय चल रहे नेताओं को कांग्रेस संगठन में बने रहने के लिए सक्रिय होना पड़ेगा। कांग्रेस के तय मुद्दे जातिगत जनगणना, बेरोजगारी, अजा-अजजा अत्याचार, महंगाई, भ्रष्टाचार आदि पर नेताओं को विरोधी दलों और सरकारों के खिलाफ जनआंदोलन खड़ा करना होगा।

एआईसीसी के अधिवेशन के बाद मप्र कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी जल्द ही प्रदेश स्तरीय अधिवेशन की रूपरेखा तैयार करेंगे। इससे पहले वे प्रदेश भर का दौरा करेंगे। जिसमें पार्टी के अन्य नेता भी भागीदार होंगे।



पटवारी ने कहा कि मप्र कांग्रेस का अधिवेशन अगले महीने हो राजधानी भोपाल में हो सकता है। इससे पहले वे संगठनात्मक स्तर पर लंबित फैसलों पर निर्णय ले सकते हैं। बताया गया कि प्रदेश स्तरीय अधिवेशन से पहले जिलाध्यक्ष एवं ब्लॉक अध्यक्ष तय हो जाएंगे। अब पार्टी का फोकस हर ग्राम पंचायत में पंचायत समिति और शहरी क्षेत्र में मोहल्ला समिति बनाने पर है। इस दिशा में अब पार्टी बहुत तेजी से आगे बढ़ेगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि सरकार की मनमानी नहीं होने देंगे। मप्र में हर वर्ग के हितों के लिए कांग्रेस लड़ाई लड़ेगी।

### घर बैठे नेता होंगे एक्टिव

लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव हारने के बाद मप्र कांग्रेस के ज्यादातर बड़े नेताओं ने खुद को सीमित कर लिया था। प्रदेश कांग्रेस की बैठकों एवं पार्टी के कार्यक्रम, आंदोलनों से भी दूरी बना ली थी। लेकिन अब ऐसा नहीं चलेगा। सभी नेताओं को पार्टी के कार्यक्रमों में भागीदारी करनी होगी। अभी तक कांग्रेस के दूसरे नेता सिर्फ बयानों को लेकर सुर्खियों में रहते थे, खासकर कई मामलों में संगठन की कार्यप्रणाली को लेकर भी सवाल उठा चुके हैं। निकट भविष्य में कांग्रेस की कार्यप्रणाली में बदलाव की संभावना है। ज्यादातर बड़े कार्यक्रम दिल्ली से तय होंगे। जिसमें सभी नेताओं की भागीदारी सुनिश्चित होगी। प्रदेशाध्यक्ष को ज्यादा अधिकार मिलेंगे।

### केंद्रीय नेतृत्व तय करेगा एजेंडा

कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन में नेताओं ने संकेत दे दिए हैं कि भविष्य में पार्टी किन एजेंडों के तहत आगे बढ़ेगी। प्रमुख एजेंडों में जातिगत जनगणना, पिछड़ा, किसान, अजा, अजजा, महिला अत्याचार, जबरन भूमि अधिग्रहण, महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार शामिल हैं। देश के ज्यादातर राज्यों में कांग्रेस सरकार से बाहर हैं। ऐसे में समाज के बड़े वर्ग को साधने के लिए एजेंडे केंद्र से तय होंगे। इन्हीं एजेंडों के आधार पर पार्टी अलग-अलग वर्ग से जुड़ेगी और जनआंदोलन खड़ा करेगी।

कार्टून कोना..........




## करोड़ों के धान पचा गए घोटालेबाज...

**अब गेहूं खरीदी केंद्रो पर जमकर चल रहा गोलमाल, जांच में कई वेयर हाउसों की अनियमिता हुई उजागर**

**बिचौलियो के चंगुल मे अन्नदाता की कमाई**

**-समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी को लेकर किसान परेशान, मंडियों में लगी ट्रैक्टरों की कतार**

**-खरीदी केंद्रो पर किसानों से ट्रॉली अनलोडिंग के नाम पर मांगे जा रहे हैं रुपए**

इंदौर। मप्र में इन दिनों 3,528 उपार्जन केंद्रों पर किसानों से समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदा जा रहा है। सरकारी आकड़ें के अनुसार अब तक कुल 3.09 लाख किसानों से 26.73 लाख मीट्रिक टन गेहूं का उपार्जन किया गया है। इसमें से 24.44 लाख मीट्रिक टन का परिवहन तथा 21.86 लाख मीट्रिक टन का भंडारण किया जा चुका है। लेकिन धान की तरह गेंहू की खरीदी शुरू होते ही बिचौलिए और घोटालेबाज सक्रिय हो गए हैं। उन्होंने पूरी खरीदी व्यवस्था पर इस तरह कुंडली मार ली है कि किसानों की सालभर की कमाई उनके चंगुल में फंस गई है।

प्रदेशभर से आ रही शिकायतों ने गेहूं खरीदी में सरकार की पारदर्शिता की पोल खोलकर रख दी है। किसानों का कहना है कि खरीदी केंद्रों से लेकर वेयर हाउस तक फर्जीवाड़ा किया जा रहा है। आलम यह है कि खरीदी केंद्रों पर अव्यवस्था से किसान परेशान हो रहे हैं। मंडियों में ट्रैक्टरों की कतार लगी हुई है। केंद्रों पर किसानों से ट्रॉली अनलोडिंग के नाम पर रुपए मांगे जा रहे हैं। वहीं खरीदी केंद्रों पर जमकर गोलमाल चल रहा है। परिवहन से लेकर भंडारण तक में गड़बड़ी की शिकायतें आ रही हैं। जांच में कई वेयर हाउसों की अनियमिता उजागर हो चुकी है।

### 15 लाख 33 हजार किसानों का पंजीयन

प्रदेश में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन हेतु पंजीयन की प्रक्रिया 20 जनवरी से 9 अप्रैल तक संचालित की गई। इस अवधि में प्रदेश के 15 लाख 33 हजार किसानों ने अपना पंजीयन कराया। वहीं उपार्जन की अवधि 15 मार्च से 5 मई तक निर्धारित है।

किसानों को गेहूं के लिए 2,425 प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य के साथ 175 प्रति क्विंटल बोनस, कुल 2,600 प्रति क्विंटल का भुगतान किया जा रहा है। प्रमुख सचिव खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता संरक्षण रश्मि अरूण शमी ने बताया इस बार मप्र में 80 लाख मीट्रिक टन गेहूं उत्पादन का अनुमान है।

### स्लॉट बुकिंग से तीन गुना ज्यादा भंडारण

प्रदेश में गेहूं उपार्जन केन्द्र और वेयरहाउसों पर समर्थन मूल्य पर किसानों से गेहूं खरीदी कार्य में जमकर उपार्जन नीति की अवहेलना करते हुए गोलमाल किया जा रहा था। इसकी शिकायतें लगातार प्रशासन के पास पहुंच रही थीं। शिकायतों की जांच के लिए जांच दल ने जब सीहोर के वेयर हाउसों का निरीक्षण किया तो वे भी चौंक गए। दो वेयर हाउसों पर स्लॉट बुकिंग से तीन गुना ज्यादा भंडारण मिला।

जांच दल ने इसकी रिपोर्ट कलेक्टर बालागुरु के को सौंपी है। बताया जाता है कि गेहूं उपार्जन केन्द्रों पर किसानों से रुपए लेकर स्लॉट बुकिंग होने के पहले ही गेहूं की खरीदी कर ली है। इसकी गवाही उपार्जन केन्द्रों पर रखा गेहूं का स्टाक स्वयं दे रहा था। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद प्रशासन ने वेयर हाउसों और खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण के लिए जांच दल भेजा गया। ज्ञात रहे कलेक्टर बालागुरु के ने खुद दोराहा, श्यामपुर क्षेत्र के वेयरहाउस का निरीक्षण किया था। बताया जा रहा है कि निरीक्षण दल में जांच रिपोर्ट में अहमदपुर क्षेत्र के दो वेयरहाउस में काफी गड़बडियां सामने आ रही हैं।

### न कोड का पता और न किसान के नाम का

सीहोर में मूंग खरीदी में गड़बड़ी के बाद अब गेहूं खरीदी में भी वेयर हाउस संचालक मनमानी पर उतारू हैं और लगातार सोशल मीडिया पर वेयर हाउसों पर बनाये गए उपार्जन केंद्रों की तस्वीरें वायरल हो रही हैं। इन तस्वीरों में फ्लैट कांटे से गेहूं का भंडारण करने के बाद उसे न केवल जेसीबी से ढेर लगाया जा रहा है, बल्कि खरीदी के बाद भरी गई कट्टियों में भी नियमों की अनदेखी की जा रही है। स्थिति यह है कि कट्टियों में न तो किसान कोड का पता है ओर न ही किसान के नाम का। ऐसे में यह समझ पाना मुश्किल है कि वेयर हाउस में बेचा गया गेहूं किस किसान और समिति का है।

इस मामले में जिला कलेक्टर का आदेश भी धूमिल होता हुआ दिखाई दे रहा है। उल्लेखनीय है कि भैरुंदा क्षेत्र में सरकारी खरीदी के दौरान लगातार अनियमितता की शिकायत उभरकर सामने आती हैं। मूंग खरीदी में बड़ी हेराफेरी का मामला सामने आने के बाद लगभग दो दर्जन गोदामों को ब्लैक लिस्टेड किया गया था। स्थिति यह है कि इस बार खरीदी में कई वेयर हाउस ऐसे हैं, जिन्हें पूर्व में ब्लैक लिस्टेड किये जाने के बाद पुनः उपार्जन केंद्र बनाया गया है। इसके बावजूद वेयर हाउस संचालक सरकार के नियमों को ताक में रखने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। कारण यह है कि संचालकों को वेयर हाउस भरने की चिंता अधिक है। उन्हें अपने किराये से मतलब है और वह किराये के लिए सरकार के किसी भी नियम को तोडने के लिए हमेशा उतारू रहते हैं।

### किसानों से हो रही अवैध वसूली

प्रदेश में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी शुरू होने के साथ ही खरीदी केंद्रों पर हंगामे और प्रदर्शन का दौर भी शुरू हो गया है। रतलाम में अलग-अलग केंद्रों पर हंगामे और विवाद की तस्वीरें सामने आई हैं। कहीं, किसानों की फसल गुणवत्ता से कम होने या राजस्व अधिकारियों द्वारा वेरीफाई नहीं किए जाने से नहीं खरीदी जा रही हैं तो कहीं किसानों से गेहूं अनलोड किए जाने के लिए रुपए मांगे जा रहे हैं।

इटावा माताजी स्थित खरीदी केंद्र पर नायन गांव के किसान सुमेर सिंह से पिकअप वाहन में भरे गेहूं खाली करवाने के नाम पर 700 रुपए की मांग का आरोप लगाया है। इसके बाद किसानों ने गेहूं खरीदी केंद्र पर हंगामा कर दिया।

### कोई शुल्क लेने का नियम नहीं

समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी केंद्र के प्रभारी संजय सिंह का कहना है कि किसानों से हम्माली के रुपए नहीं लेने का नियम है। सोसाइटी की तरफ से 15 प्रति क्विंटल की दर से हम्मालों को भुगतान किया जाता है।

किसानों से किसी भी प्रकार के अनैतिक रूपों की मांग नहीं की जा सकती। ऐसा करने पर नियम अनुसार कार्रवाई की जाएगी और इस संबंध में सभी हम्मालों और कर्मचारियों को निर्देश दे दिए गए हैं।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वत्वाधारी एवं प्रधान संपादक सुनील वर्मा के लिए दैनिक भास्कर प्रेस 4/54 प्रेस कॉम्प्लेस एबी रोड इंदौर मध्यप्रदेश
इन्दौर से मुद्रित तथा 1/4, परदेशीपुरा, इन्दौर (म.प्र.) सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। * मो.: 9425491979, 7000877686, E-mail: janbhavana.ind@gmail.com